वर्ष 24, अंक 137, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 26 नवंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आज सम्पूर्ण भारत, सम्पूर्ण विश्व राममय है: प्रधानमंत्री

## अयोध्या वह भूमि है जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं: प्रधानमंत्री

**अयोध्या**

**राष्ट्र** के सामाजिक-सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में पवित्र श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराया। ध्वजारोहण उत्सव मंदिर निर्माण के पूर्ण होने और सांस्कृतिक उत्सव एवं राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष-बिंदु की साक्षी बन रही है। श्री मोदी ने कहा, "आज पूरा भारत और पूरा विश्व भगवान श्री राम की भावना से ओतप्रोत है।" उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रत्येक राम भक्त के हृदय में अद्वितीय संतोष, असीम कृतज्ञता और अपार दिव्य आनंद है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सदियों पुराने घाव भर रहे हैं, सदियों का दर्द समाप्त हो रहा है और सदियों का संकल्प आज सिद्ध हो रहा है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि यह उस यज्ञ की परिणति है जिसकी अग्नि 500 ??वर्षों तक प्रज्वलित रही, एक ऐसा यज्ञ जिसकी आस्था कभी डगमगाई नहीं, आस्था क्षण भर के लिए भी खंडित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आज भगवान श्री राम के गर्भगृह की अनंत ऊर्जा और श्री राम परिवार की दिव्य महिमा, इस धर्म ध्वजा के रूप में, इस दिव्यतम एवं भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुई है।

श्री मोदी ने जोर देकर कहा, "यह धर्म ध्वजा केवल एक ध्वज नहीं है, बल्कि यह भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है।" उन्होंने बताया कि इसका केसरिया रंग, इस पर अंकित सूर्यवंश की महिमा, अंकित पवित्र ॐ और उत्कीर्ण कोविदार वृक्ष, रामराज्य की महानता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह ध्वज संकल्प है, यह ध्वज सिद्धि है, यह ध्वज संघर्ष से सृजन की गाथा है, यह ध्वज सदियों से संजोए गए स्वप्नों का साकार रूप है, और यह ध्वज संतों की तपस्या और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणति है।

यह घोषणा करते हुए कि

- देश को आगे बढ़ना है तो अपनी विरासत पर गर्व करना होगा: प्रधानमंत्री
- हमें आने वाले दस वर्षों का लक्ष्य लेकर चलना है कि हम भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे: प्रधानमंत्री

आने वाली सदियों और सहस्राब्दियों तक, यह धर्म ध्वज भगवान राम के आदर्शों और सिद्धांतों का उद्घोष करेगा, श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि यह आह्वान करेगा कि विजय केवल सत्य की होती है, असत्य की नहीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह उद्घोषणा करेगा कि सत्य स्वयं ब्रह्म का रूप है और सत्य में ही धर्म की स्थापना होती है। उन्होंने कहा कि यह धर्म ध्वज जो कहा गया है उसे अवश्य पूरा करने के संकल्प को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि यह संदेश देगा कि संसार में कर्म और कर्तव्य को ही प्रधानता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भेदभाव और पीड़ा से मुक्ति और समाज में शांति और सुख की उपस्थिति की कामना व्यक्त करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह धर्म ध्वज हमें इस संकल्प के लिए प्रतिबद्ध करेगा कि हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां कोई गरीबी न हो और कोई भी दुखी या असहाय न हो।

श्री मोदी ने अपने धर्मग्रंथों का स्मरण करते हुए कहा कि जो लोग किसी भी कारण से मंदिर में नहीं आ पाते, लेकिन उसकी ध्वजा के आगे झुकते हैं, उन्हें भी समान पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह धर्म ध्वजा मंदिर के उद्देश्य का प्रतीक है और दूर से ही यह रामलला की जन्मभूमि के दर्शन कराती रहेगी और युगों-युगों तक भगवान श्री राम के आदेशों और प्रेरणाओं को मानवता तक पहुंचाती रहेगी। उन्होंने इस अविस्मरणीय और अनूठे अवसर पर दुनिया भर के करोड़ों राम भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी भक्तों को नमन किया और राम मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले प्रत्येक दानदाता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने मंदिर निर्माण से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता, प्रत्येक कारीगर, प्रत्येक योजनाकार और प्रत्येक वास्तुकार को नमन किया।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, "अयोध्या वह भूमि है जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं।" उन्होंने कहा कि यही वह नगरी है जहां से श्री राम ने अपनी जीवन यात्रा शुरू की थी।





देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर: सुनाई अनूठी गाथा

## कुरुक्षेत्र में पीएम मोदी ने गुरु तेग बहादुर के शौर्य को किया नमन

**कुरुक्षेत्र**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र में नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी जयंती के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें सत्य, न्याय और आस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि 5-6 साल पहले एक और अद्भुत संयोग बना था। साल 2019 में 9 नवंबर को जब राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया था, तो उस दिन मैं करतारपुर साहिब कॉरिडोर के उद्घाटन के लिए डेरा बाबा नानक में था।मैं यही प्रार्थना कर रहा था कि राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो, करोड़ों रामभक्तों की आकांक्षा पूरी हो। और हम सभी की प्रार्थना पूरी हुई, उसी दिन राम मंदिर के पक्ष में निर्णय आया।



मोदी ने कहा कि अब आज जब अयोध्या में धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है, तो फिर मुझे सिख संगत से आशीर्वाद लेने का मौका मिला है। अभी कुछ देर पहले कुरुक्षेत्र की भूमि पर पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण भी हुआ है। कुरुक्षेत्र की इसी धरती पर खड़े होकर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्य और न्याय की रक्षा को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने कहा था 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः' अर्थात सत्य के मार्ग पर अपने धर्म के लिए प्राण देना भी श्रेष्ठ है। श्री गुरु तेग बहादुर जी ने भी सत्य, न्याय और आस्था की रक्षा को अपना धर्म माना और इस धर्म की रक्षा उन्होंने अपने प्राण देकर की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के चरणों में एक स्मृति डाक टिकट और विशेष सिक्का भी समर्पित करने का सौभाग्य पाया है। मेरी कामना है कि हमारी सरकार गुरु परंपरा की इसी तरह निरंतर सेवा करती रहे। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी जैसे व्यक्तित्व...इतिहास में विरले ही होते हैं। उनका जीवन, उनका त्याग, उनका चरित्र बहुत बड़ी प्रेरणा है। मुगल आक्रांताओं के उस काल में, गुरु साहिब ने वीरता का आदर्श स्थापित किया।

मोदी ने कहा कि मुगल आक्रांताओं के उस काल में कश्मीरी हिंदुओं का जबरन धर्मांतरण किया जा रहा था। इस संकट के बीच पीड़ितों के एक दल ने गुरु साहिब से सहयोग मांगा। तब श्री गुरु साहिब ने उन पीड़ितों को जवाब दिया था कि आप सब औरंगजेब को साफ-साफ कह दें कि यदि श्री गुरु तेग बहादुर इस्लाम स्वीकार कर लें, तो हम सब इस्लाम अपना लेंगे। उन्होंने कहा कि इन वाक्यों में श्री गुरु तेग बहादुर जी की निडरता की पराकाष्ठा थी। इसके बाद जिसकी आशंका थी, वही हुआ। उस क्रूर औरंगजेब ने गुरु साहिब को बंदी बनाने का आदेश दिया। लेकिन, गुरु साहिब ने खुद दिल्ली जाने की घोषणा कर दी। मुगल शासकों ने उन्हें प्रलोभन भी दिए, लेकिन श्री गुरु तेग बहादुर अडिग रहे। उन्होंने धर्म और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए, उनका मन तोड़ने के लिए, गुरु साहिब को पथ से डिगाने के लिए उनके सामने उनके तीन साथियों भाई दयाला जी, भाई सतीदास जी, भाई मतिदास जी की निर्ममता से हत्या की गई। लेकिन, गुरु साहिब अटल रहे।

## 'आज से नए युग का शुभारंभ हुआ'- योगी

**अयोध्या**

**अयोध्या** में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज की स्थापना के साथ ही मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न हो गया है. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंदिर पर ध्वजारोहण एक नए युग की शुरूआत है. उन्होंने कहा कि ये ये केसरिया ध्वज धर्म मयार्दा, सत्य, न्याय और राष्ट्र धर्म का प्रतीक है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर पर ध्वजारोहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत का स्वागत किया, उन्होंने कहा कि आज का दिन भगवान श्री राम भक्तों की अखंड साधना और उनके संघर्ष को समर्पित है जिन्होंने इस आंदोलन में अपना जीवन समर्पित किया.



'अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा पूरी हुई'

विवाह पंचमी का ये दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है. ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और राम राज्य के मूल्य कालजयी हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 2014 में देश का नेतृत्व संभाला था, उसी दिन भारत के लोगों के हृदय में विश्वास का सूर्योदय हुआ था, आज वहीं तपस्या और अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा आपके कर कमलों के माध्यम से राम मंदिर के रूप में संपूर्ण हुई है.

सीएम योगी ने कहा कि ये केसरिया ध्वज धर्म का प्रतीक है, मयार्दा, सत्य न्याय और राष्ट्र धर्म का प्रतीक है. विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक भी है. क्योंकि सकंल्प का कोई विकल्प नहीं. और पिछले 11 सालों में बदलते भारत को हम सबने देखा है. एक नए भारत का दर्शन हम कर रहे हैं. जहां विकास और विरासत के साथ देश नई उंचाईयों को छू रहा है. पिछले 500 सालों में साम्राज्य बदले.. पीढ़ियां बदलीं लेकिन, आस्था अडिग रही. आस्था न झुकी न रुकी. जन जन का विश्वास अटल था।

## नाम बदलकर मतदाता बनने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों में दिख रहा खौफ

**नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के चलते सैकड़ों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के अपने देश लौटने की खबरों के बीच, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने आज मुर्शिदाबाद का दौरा किया। इससे पहले उन्होंने उत्तर 24 परगना के हकीमपुर सीमा चौकी पर हालात का जमीनी जायजा लिया था। राज्यपाल ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की। राज्यपाल ने कहा कि स्क्ष्एक ह्वअहम और महत्वपूर्णह्व प्रक्रिया है और इससे जुड़े मामलों पर विभिन्न व्याख्याएं सामने आ रही हैं, इसलिए वे ह्वजमीनी सच्चाई अपनी आंखों से देखनाह्व चाहते हैं। हम आपको बता दें कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अवैध घुसपैठियों में व्यापक भय फैलने के कारण बंगाल के कई क्षेत्रों– विशेषकर नदिया, मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना–में ह्वरिवर्स माइग्रेशनह्व तेज हुआ है और बड़ी संख्या में घुसपैठिये सीमा पार कर लौटने की कोशिश कर रहे हैं।

देखा जाये तो पश्चिम बंगाल की सीमाओं पर आज जो दृश्य दिखाई दे रहा है वह किसी सामान्य घटनाक्रम का परिणाम नहीं है। यह उस भय की उपज है, जो वर्षों से ढीली पड़ी व्यवस्थाओं पर पहली बार किसी सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की दस्तक मात्र सुनकर पैदा हुआ है।

## दिल्ली के आसमान में भरी ज्वालामुखी की राख

### पहले से ही जहरीली हवा में अब आया यह नया खतरा सेहत पर क्या डालेगा असर?

**नई दिल्ली**

**उत्तरी** इथियोपिया में हुए ज्वालामुखी विस्फोट से भारत के कई हिस्सों में स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ पैदा हो गई हैं। इथियोपिया के अफार क्षेत्र में लंबे समय से निष्क्रिय हेली गुब्बी ज्वालामुखी सप्ताहांत में फट गया, जिससे राख का गुबार 14 किलोमीटर ऊँचा उठ गया। ज्वालामुखी की राख लाल सागर को पार करते हुए यमन और ओमान की ओर बढ़ी और फिर पाकिस्तान और उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों तक पहुँच गई। राख का यह बादल चीन की ओर बढ़ रहा है और मंगलवार (25 नवंबर) को 14:00 ऋटळ



(भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे) तक भारतीय आसमान से विदा होने की उम्मीद है। राख का बादल सोमवार देर रात भारत में प्रवेश कर गया, जिससे मानव स्वास्थ्य और वायु गुणवत्ता पर इसके प्रभाव की आशंकाएँ बढ़ गई हैं। भारत के विमानन नियामक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भी कल सभी एयरलाइनों को ज्वालामुखी की राख से प्रभावित क्षेत्रों से बचने की सलाह जारी की।

क्या होती है ज्वालामुखी की राख

ज्वालामुखीय राख में टूटी हुई चट्टान के टुकड़े, खनिज और ज्वालामुखी काँच होते हैं। नेशनल ज्योग्राफिक के अनुसार, यह कठोर, घर्षणकारी होती है और पानी में नहीं घुलती। हवा ज्वालामुखीय राख के कणों को विस्फोट स्थल से हजारों किलोमीटर दूर तक भी बिखेर सकती है। इंडियामेटस्काई वेदर के अनुसार, इथियोपिया में ज्वालामुखी विस्फोट से निकली राख सल्फर डाइऑक्साइड, काँच और महीन चट्टान के कणों से बनी है।

## पटना का कायापलट: नीतीश के निरीक्षण से योजनाओं को मिलेगी गति

**पटना। मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने पटना शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पटेल गोलंबर से ईको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा ईको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक सर्पेंटाइन नाले पर भूमिगत नाला के साथ-साथ 4 लेन सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस नाला निर्माण योजना के अंतर्गत नाले का पक्कीकरण किया जाएगा और इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भूमिगत नाला को ठीक करते हुए इसके ऊपर सड़क निर्माण तेजी से पूर्ण करें ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने राजीव नगर भूमिगत नाले पर निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इन योजनाओं के पूर्ण होने पर जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी एवं नाले के ऊपर टू-लेन सड़क निर्माण से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। शहर भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाला पर निमार्णाधीन 4 लेन सड़क का भी निरीक्षण किया। साथ ही इस सड़क को जे०पी० गंगा पथ से जोड़ने वाले सम्पर्क पथ का भी निरीक्षण किया।

# विधायक बारा डॉ. वाचस्पति ने किया सिल्ट सफाई कार्य का शुभारंभ

**सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण होते ही किसानों को मिलेगा पर्याप्त पानी : डॉ. वाचस्पति**



**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** मंगलवार को विधायक डॉ. वाचस्पति ने बवंधर स्थित रेगुलेटर पर बाघला नहर प्रखंड की सिल्ट सफाई कार्य का शुभारंभ पूजा अर्चना करके किया। बता दें कि आगामी रवि की फसलों को देखते हुए किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा सिल्ट सफाई अभियान का कार्य कराया जाता है।

अपने संबोधन में विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि सिल्ट सफाई अभियान के साथ साथ ध्यान दिया जाए की जहां भी नहरें टूटी हो या किसानों को पानी मिलने में समस्या हो रही हो उसका भी ध्यान दिया जाए, काम को तेज गति से करते हुए जल्द ही निपटा लिया जाए ताकि समय पर किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अधिशाषी अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेमचंद व विजय कुमार निषाद श्यामू, मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, सहायक अभियंता रवींद्र नाथ सोनकर, सतीश कुमार, रविंद्र सामंत, विकास कुमार, अभिषेक मिश्रा, अवर अभियंता अमित प्रसाद पाल, अनिल, सीमा पांडे, विपुल, ई. प्रकाश सिंह, अर्पित जायसवाल, पिंटू तिवारी, इंद्रजीत, सहित थाना प्रभारी विनोद कुमार सोनकर अपने दलबल के साथ मौजूद रहें।

# अंतरराष्ट्रीय हवाला फंडिंग कारोबार से जुड़े बैंक कर्मी सहित सात आरोपियों पर मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

- **गिधौरा गाँव में वर्षों से सक्रिय गैंग ने करोड़ों रुपए महिलाओं के खातों से की ठगी**
- **इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक कर्मी सहित सात आरोपियों पर मुकदमा**

**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद जमुनापार थाना कौंधियारा क्षेत्र में गरीबों और अनपढ़ ग्रामीणों के बैंक खातों के दुरुपयोग से जुड़ा संगठित और खतरनाक नेटवर्क अब पूरी तरह उजागर हो गया है। कौंधियारा थाना क्षेत्र के गिधौरा गांव में पिछले कई वर्षों से चल रहे इस रैकेट में स्थानीय युवक और बैंक कर्मी मिलकर मास्टरमाइंडिंग कर रहे थे। जांच में पाया गया कि यह गैंग ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को बहला-फुसलाकर करछना स्थित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाता था और फिर खातों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय हवाला और संदिग्ध फंडिंग के लिए करता था।

आरोप है कि खातों के खुलवाने के बाद पासबुक, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड आरोपियों ने अपने कब्जे में रख लिए। इन खातों में करोड़ों रुपये का लेनदेन कर धन बाहर भेजा जाता और खातों को सीज कर देने के बाद पीड़ितों को मात्र 2-4 हजार रुपये दे कर चुप करा दिया जाता था। ग्रामीणों का कहना है कि जब वे अपनी पासबुक मांगते तो धमकाया जाता था।

जांच में सबसे संदिग्ध भूमिका करछना स्थित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक कर्मी सर्वेश पाण्डेय की पाई गई है। सर्वेश के माध्यम से खातों का खोलवाना और दस्तावेजों की हेरफेर की गई। प्रारंभिक साक्ष्यों और पीड़ितों के बयानों के आधार पर कौंधियारा पुलिस ने सर्वेश पाण्डेय निवासी धरवारा सहित आलोक कुमार शुक्ला पुत्र मनोज शुक्ल, राज मिश्र पुत्र महेन्द्र मिश्रा, तुषार मिश्रा पुत्र रमाशंकर मिश्र, उदित पाण्डेय उर्फ कान्हा पुत्र संदीप पाण्डेय, राकेश विश्वकर्मा पुत्र त्रियुगी नारायण विश्वकर्मा, और विपिन मिश्र पुत्र विनय मिश्र के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कुल सात आरोपियों पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

मामले की संवेदनशीलता के मद्देनजर कई पीड़ित महिलाएँ डीसीपी यमुनानगर विवेकचंद यादव के पास पहुंचीं। डीसीपी ने तुरंत एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान को मामला गंभीरता से चिन्हित कर, जांच तेज कर दोषियों को कठोर दंड दिलाने के निर्देश दिए। सोमवार को एक दर्जन से अधिक महिलाएँ एसीपी कार्यालय पहुंचीं और बताया कि उनके पासबुक एवं एटीएम महीनों से आरोपियों के पास रहे और जब भी मांगा तो धमकाया गया। उपनिरीक्षक कौंधियारा ने एक सप्ताह पहले करछना स्थित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक से सभी खाताधारकों के स्टेटमेंट माँगे थे, बैंक कर्मियों ने तीन दिन में देने का आश्वासन दिया, पर एक सप्ताह बीतने के बावजूद दस्तावेज पेश नहीं किए गए, जिससे बैंक कर्मियों की मिलीभगत पर गंभीर प्रश्न उठे हैं।

दोषी चाहे भीतर हों या बाहर , हर एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। जांच जारी है।

**-कुल्दीप शर्मा- थाना प्रभारी कौंधियारा**

# विद्यालय और आंगनबाड़ी का ताला तोड़ कर हजारों की चोरी, तहरीर

**अखंड भारत संदेश**



**मऊआइमा।** ठंड शुरू होते ही चोरों के हौसले बुलंद होने लगे हैं। बीती रात चोरों ने विधालय और आंगनबाड़ी केन्द्र का ताला तोड कर हजारों की सामग्री चोरी करने में सफल हो गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक ने थाने में तहरीर दी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटभरपरमेजपुर स्थित कम्पोजिट विधालय में बीती रात रसोईघर का ताला और दरवाजा तोड कर एक बोरी गेहूं,एक बोरी चावल,गैस सिलेंडर, चूल्हा आदि चोरी कर ले गए। विद्यालय कैम्पस में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र का दरवाजे का ताला तोड कर चोरों में सारे सामान चोरी कर ले गए। मंगलवार को सुबह विधालय में चोरी की जानकारी होने पर विधालय के प्रधानाध्यापक रूद्रेश कुमार यादव और ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने डायल 112 नम्बर को सूचना दिए। पुलिस मौके पर पहुंच कर चोरी का जायजा ले कर वापस लौट गयी। प्रधानाध्यापक रूद्रेश कुमार यादव और ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# मतदाता पुनरीक्षण हेतु करछना में चलाया जा रहा अभियान

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** विकास खंड करछना अंतर्गत मतदाता सूची के एस.आई. आर. (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्यक्रम के तहत विकास खंड करछना के सभी ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कैंप लगा कर मतदाता जागरूकता भी किया जा रहा है तथा सूची के डिजिटलाइजेशन हेतु फार्म भरा कर सूचना संकलित करने हेतु बीएलओ की तैनाती भी कि गई है । बी एल ओ द्वारा ग्राम पंचायत के सभी निवासियों से अपने परिवार की मतदाता सूची को डिजिटल करने हेतु शीघ्र ही फॉर्म भर कर जमा करने की अपील की जा रही है । इस क्रम में विकासखंड स्तर से खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा के निर्देशन में निगरानी भी की जा रही है ताकि किसी भी दशा में निर्वाचन कार्य बाधित न हो तथा यथाशीघ्र सभी मतदाताओं को एस आई आर पोर्टल पर डिजिटलाइज्ड फीड किया जा सके ,ब्लॉक कार्यालय से निगरानी हेतु ग्राम पंचायत भड़ेवरा तथा केचुहा में उपस्थित अधिकारी आदित्य तिवारी ने बताया कि यह अभियान सरकार द्वारा मतदाता के डिजिटल वेरिफिकेशन हेतु किया जा रहा है जिससे कि किसी भी मतदाता से कोई भी दस्तावेज (जैसे जन्म प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण, पहचान पत्र आदि) नहीं लिया जाएगा। बीएलओ का कार्य केवल घरझघर जाकर भौतिक उपस्थिति की पुष्टि करना और उपलब्ध जानकारी को फॉर्म में दर्ज करना है। दस्तावेज केवल तभी माँगे जाएंगे जब ड्राफ्ट रोल प्रकाशित होने के बाद किसी मतदाता की उपलब्ध जानकारी,डिक्लेयरेशन डेटाबेस से मेल न खाती हो। जिन मतदाताओं या उनके माता-पिता का नाम राज्य की अंतिम सूची (2003 या उससे पहले) में दर्ज है, ऐसे सभी मतदाताओं को पूर्व-सत्यापित माना गया है। ऐसे मतदाताओं से बीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार के प्रमाण-पत्र या दस्तावेज की माँग नहीं की जाएगी। बीएलओ केवल वर्तमान निवास की पुष्टि करेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को सरलीकृत, सुगम और भरोसेमंद प्रक्रिया उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता दस्तावेजों की कमी, भ्रम या अनावश्यक औपचारिकताओं के कारण मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। बीएलओ कृष्णकांत तथा रीता विश्वकर्मा द्वारा बताया बीडीओ करछना अमित मिश्रा द्वारा सभी ग्राम पंचायत का लक्ष्य शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। तथा महिला कैडर समूह सखी बिमला देवी तथा सरिता तिवारी ने अपने ग्राम के सभी समूह के महिलाओं का डाटा उपलब्ध कराने की बात कही तथा मौके पर ग्राम वासी राकेश मिश्रा, सुनील मिश्रा, नीरज कुमार, सोनू, पूजा देवी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता : 25 हजार का इनामिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **गूगल मैप से सर्च करता था मोबाइल शॉप**
- **अभियुक्त के कब्जे से 24 मोबाइल फोन, एक स्कूटी बाइक, एक अवैध देशी तमंचे व कारतूस भी बरामद**



**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** थरवई पुलिस को मिली बड़ी सफलता मोबाइल का शातिर चोर आया पुलिस की गिरफ्त में। जनपद प्रयागराज गंगानगर जोन के थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत गारापुर चौराहे स्थित मोबाइल की दुकान में बीते 2 नवंबर को राज मोबाइल की दुकान में पीछे की दीवार को तोड़कर अंदर घुसकर मोबाइल चोरी कर ले गया। जिसमें इस घटना चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। सुबह जब मामले की जानकरी पीड़ित भारत लाल पुत्र आदित्य प्रसाद गुप्ता निवासी कुसुंगर थरवई प्रयागराज के रहने वाला था, को हुई तभी घटना की सूचना डायल 112 को देते हुए स्थानीय थाना थरवई पर दी गई। सूचना पर पहुंचे एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह, इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय टीम के साथ पहुंचे और मामले को संज्ञान में लेते हुए सीसीटीवी भी खंगाली और चोरी को अंजाम देते कैमरे में कैद हुआ। घटना को अंजाम देने वाला शातिर चोर अज्ञात रहा। घटना की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना थरवई में अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट और जाँच में जुटी रही। तभी मामले की छानबीन चल रही थी। 14 नवंबर को ग्राम मोउद्दीन का पूरा थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर से अभियुक्ता प्रियांशी पत्नी मोनू पाल को उसके निवास स्थान से गिफ्तार किया गया एवं कब्जे से दो मोबाइल भी बरामद करते हुए जिस पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। अभियुक्त मोनू पाल की जाँच पड़ताल में जुटी रही। तभी सोमवार की रात्रि को करीब साढ़े ग्यारह बजे पुलिस पट्रोलिंग पर थी तभी सिंगरामऊ पुलिया स्थित अंडरपास हाइवे के पास रात्रि चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की स्कूटी लेकर जा रहा था तभी पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वो ना रुककर भागने का प्रयास किया पुलिस को संदिग्ध लगने पर उसका पीछा करने पर संदिग्ध अपने आप को घिरता पाया तो उन्होंने पुलिस बल पर फायरिंग की तभी पुलिस बल ने अपने आत्मरक्षार्थ फायरिंग में मुठभेड़ के दौरान उक्त बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे उक्त अस्पताल हेतु उपचार के लिए भेजा गया । अभियुक्त के कब्जे से पीछे लिया था बैग जब उसको जाँचा गया तो उसके पास से 24 मोबाइल पाया गया। जानकरी के अनुसार मोबाइल को बेचने की फिराक से लेकर निकला। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक गिरीश चंद्र मौर्या, अमरदेव सिंह एस अन्य कई पुलिस टीम में मौजूद रहे। घायल अभियुक्त ने अपना नाम मोनू पाल पुत्र देवमुनि पाल निवासी मोउउद्दीन का पुरा थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर का रहने वाला था। एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह ने बताया की अभियुक्त पर आवश्यक विधिक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही।

**अभियुक्त पर कई जनपदों में मुकदमें हैं पंजीकृत**

अभियुक्त मोनू पाल के विरुद्ध थाना थरवई सहित अन्य जनपदों के थानों में भी चोरी सहित कुल 18 मुकदमें हैं पंजीकृत। जो कई मामालों था चल रहा था वांछित।

**गूगल लोकेशन से मोबाइल शॉप करता था सर्च**

अभियुक्त पहले गूगल मैप के माध्यम से सर्च करता था मोबाइल शॉप। फिर उस क्षेत्र का करता था रेकी। और घटना को अकेले करता देता तक चोरी को अंजाम।

# नौढ़िया उपरहार बैंक के बाहर से प्रधान के भाई की बाइक पार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के नौढ़िया उपरहार बैंक के ठीक सामने से चोरों ने दिनदहाड़े एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुई बाइक स्प्लेंडर बताई जा रही है, जो ग्राम प्रधान अरविंद सिंह के भाई अशोक कुमार सिंह की है। जानकारी के अनुसार प्रधान अरविंद सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे उनके भाई अशोक कुमार सिंह अपनी बाइक को बैंक के पास खड़ा करके कुछ दूरी पर ही मौजूद थे। लेकिन कुछ ही देर बाद जब वे वापस लौटे तो देखा कि बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला।प्रधान अरविंद सिंह ने बताया कि मौके पर कुछ लोग शराब पीते हुए दिखे थे, जिन पर चोरी में शामिल होने का संदेह जताया जा रहा है।

# रात का सफर बना जानलेवा : हादसे में दीपांशु की मौत शिवेंद्र जीवन के लिए संघर्षरत

**शंकरगढ़।** नारीबारी क्षेत्र में सोमवार की देर रात हुआ सड़क हादसा एक परिवार पर ऐसा कहर बनकर टूटा कि पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। निमंत्रण से लौट रहे तीन युवकों की बाइक को एक तेज रफ्तार वाहन ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि निराला नगर निवासी 21 वर्षीय दीपांशु सिंह पुत्र राजेश सिंह उर्फ. बल्लू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका मित्र शिवेंद्र सिंह पुत्र महेश सिंह निवासी शिक्षक नगर गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। उनका एक अन्य साथी भी हादसे में घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार दीपांशु, शिवेंद्र और उनका एक मित्र नारीबारी स्थित एक गेस्ट हाउस में निमंत्रण खाने गए थे। देर रात करीब 11:30 बजे जब वे मोटरसाइकिल से शंकरगढ़ लौट रहे थे, तभी नारीबारी के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। टक्कर इतनी भयावह थी कि दीपांशु ने वहीं दम तोड़ दिया।परिजनों की मानें तो दीपांशु दो बहनों का इकलौता भाई था, जिसकी असामयिक मौत ने पूरे परिवार को टूटकर बिखेर दिया है। शिवेंद्र की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है और उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने बताया कि परिजनों की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।घटना से क्षेत्र में गहरा आक्रोश है और स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण की मांग उठाई है।

# नीवी से लालापुर तीन वर्ष बीत जाने के बाद नही बनी सड़क, ग्रामीण परेशान

- **10,155 किलोमीटर की अवधि समाप्त होने तक नही बनी सड़क, ग्रामीणों में रोष**



**लालापुर।** क्षेत्र की एक ऐसी प्रधानमंत्री सड़क है पूरी तैयार होने के समय तक तीन साल के अवधि में सिर्फ गिट्टी बिछ पाई है ।जो पूरी गिट्टी तीतर बितर होकर राहगीरों की मुसीबत बन गई हैं।आए दिन कही न कही दुपहिया सवार चुटहिल जरूर होते है। नीवी से लालापुर प्रधानमंत्री सड़क पैकेज सँख्या व ढ03183 सन 2022 से शुरू होकर मई 20023 जिसकी कुल लागत452,68लाख की लागत से सड़क बनकर तैयार होनी थी।

तीन साल पूरे होने के बाद आजतक सिर्फ बड़ी बड़ी गिट्टी बिछी है ,काम बन्द हो रखा है,इस कार्य को कराने का टेंडर मेसर्स सी एल गुप्ता एंड संस को मिला था,मिलते ही काम 10 दिन जोरों पर चला ऐसे लगा जैसे अवधि के अंदर तैयार हो जाएगी,लेकिन क्षेत्र के,नीवी,भोड़ी, शुन्दरपुर, मदनपुर बघला,लौद कलाँ, बेनौरी,दुबहा, दर्जनों गांव का दुर्भाग्य रहा तीन साल पूरे हो गए आज तक सड़क नही बन सकी। सुबह से साम तक चलने वाली सड़क की गिट्टी आवाजाही में दुर्घटना का संकेत देती है।

# महिला से हुई छेड़खानी, बारा थाने में दी गई लिखित तहरीर

**बारा।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ललई मार्ग पर महिला से छेड़खानी का प्रकरण सामने आया है। महिला ने चामू ग्राम के एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त व्यक्ति आए दिन परेशान करता रहा है। पैसे का लालच देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश कई बार कर चुका है। शनिवार दोपहर ललई मार्ग पर रस्ते में भद्दी टिप्पणी करने पर महिला ने विरोध कर दिया। जिस पर उक्त व्यक्ति ने जातिसूचक शब्दों में गाली दी और जान से मारने की धमकी दी। राहगीरों के बीचबचाव करने पर महिला किसी तरह थाने पहुंची। महिला ने बताया कि बारा थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# पड़ोखरा का दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण हुआ संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** चंद्रशेखर तिवारी हाई स्कूल पडोखरा का दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण अयोध्या धाम से देर शाम को बस द्वारा विद्यालय वापस पहुंचा । शैक्षिक भ्रमण में छात्राएं खूब आनंदित रही । और पौराणिक ,ऐतिहासिक ,प्राचीन दर्शनीय स्थलों के कलात्मक व रचनात्मक दृश्यो का अवलोकन करके जहां ज्ञानार्जन हुआ । वहीं विद्यार्थियों की ओर से खूब भ्रमण का लुत्फ भी उठाया गया । शैक्षिक भ्रमण का संचालन कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय इस पर्यटन में कुल 35 विद्यार्थियों में 13 छात्र व 22 छात्राएं शामिल रहीं । जिसमें ज्योति त्रिपाठी व खुशबू गुप्ता दो पुरा छात्राएं भी शामिल रहीं। और शैक्षिक भ्रमण का कमान संभाले रही । उन्होंने बताया कि दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के प्रथम दिन प्रतापगढ़ जनपद के मानगढ़ स्थित श्री कृपालु जी महाराज के भक्ति प्रेम मानस मंदिर का विद्यार्थियों को अवलोकन कराया गया। जिसमें मंदिर की भव्यता, कलात्मकता रचनात्मकता व स्वच्छता देख बच्चे प्रसन्न मुद्रा में रहे । वहीं भ्रमण के दूसरे दिन अयोध्या धाम में हनुमानगढ़ी सहित श्री राम दर्शन के अलावा दशरथ महल व कनक भवन स्थलों का बच्चों को अवलोकन करा करके उनमें ज्ञानार्जन कराया गया। बच्चे अयोध्या धाम देख प्रसन्न मुद्रा में रहे । वही वहां की व्यवस्था देख हर्षित रहे । विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से शैक्षिक भ्रमण की सफलता के प्रति सभी के प्रति आभार जताया गया । शैक्षिक भ्रमण में शिक्षकों में एम के मिश्र ,सुधाकर मिश्र , स्वामीनाथ त्रिपाठी, रविशंकर द्विवेदी, आशुतोष त्रिपाठी, नरेंद्र देव त्रिपाठी ,अंकित मिश्र और शिक्षिकाओं में स्वाती त्रिपाठी, संज्ञा तिवारी और आकृति निषाद शामिल रही।

# वरिष्ठ उप महालेखाकार की अध्यक्षता में सामान्य भविष्य निधि कार्यशाला/अदालत का किया गया आयोजन

**सामान्य भविष्य निधि कार्यशाला/अदालत में समस्त जीपीएफ प्रकरणो को समय से प्रेषित करने तथा ऑनलाइन प्रेषित प्राधिकार पत्रो पर भुगतान समयावधि के अंतर्गत करने हेतु अवगत कराया गया**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** ऑडिट दिवस 2025 के अंतर्गत महालेखाकार (ले. एवं हक.) प्रयागराज के द्वार सामान्य भविष्य निधि खाता धारकों को सुगम पूर्वक भुगतान किए जाने के उद्देश्य से आज वरिष्ठ उप महालेखाकार अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय के संगम सभागार प्रयागराज में मंगलवार को सामान्य भविष्य निधि कार्यशाला/ अदालत का आयोजन किया गया। बैठक में उपमहालेखाकर विजय सिंह पंवार, मुख्य कोषाधिकारी प्रत्युष कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह सहित महालेखाकार प्रयागराज के सहायक लेखाधिकारी अवनीश कुमार, श्रीश शुक्ला, जितेंद्र कुमार सिंह जनपद के विभागों के आहरण वितरण अधिकारी, लेखाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ उप महालेखाकार अभिषेक कुमार ने कोषाधिकारियों एवं आहरण वितरण अधिकारियों को समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए समस्त जीपीएफ प्रकरणो को समय से प्रेषित करने हेतु तथा ऑनलाइन प्रेषित प्राधिकार पत्रों पर भुगतान समयावधि के अंतर्गत करने हेतु अवगत कराया। सामान्य भविष्य निधि से संबंधित सभी भुगतान ऑनलाइन हो गई है जिसे आहरण वितरण अधिकारी समय समय पर जांच कर सकते है तथा इसका लाभ सभी अभिदाताओ को सहज रूप से प्राप्त करा सकते है। जीपीएफ कार्यशाला/ अदालत के दौरान कर्मचारियों के जीपीएफ मिसिंग, जीपीएफ भुगतान एवं लम्बित मामलों, एनपीएस से जीपीएफ में स्थानांतरण कार्यों से सम्बन्धित लम्बित प्रकरण, जीपीएफ सम्बन्धी खाता एवं अन्य संबंधित मुद्दे पर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ जीपीएफ कार्यशाला/ अदालत के दौरान आने वाली अन्य समस्याओं पर भी जानकारी दी गई।उपमहलेखाकर विजय सिंह पंवार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर सभा समाप्त की गई।

## निमंत्रण से घर वापस जा रहे जीजा साले की सड़क हादसे में मौत

अखंड भारत संदेश




**फाफामऊ।** शांतिपुरम एक निमंत्रण से होकर बाइक से देर रात घर वापस जा रहे जीजा साले को फाफामऊ गंगा पुल पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे जीजा साला गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से जा रहे अन्य परिजनों ने हादसे में घायल जीजा साला को स्वरूप रानी अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जीजा साला की मौत खबर जैसे ही घर वालों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। मृतक युवक के पिता ने फाफामऊ थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक झूंसी कोहना के रहने वाला 24 वर्षीय राहुल कुमार अपने जीजा 23 वर्षीय शनि कुमार निवासी सादिया बाद कर्नलगंज के साथ सोमवार की रात करीब 1 बजे देर रात बाइक से शांतिपुरम काशीराम कॉलोनी से दावत से घर वापस जा रहे थे। जैसे ही दोनों फाफामऊ गंगा पुल पर पहुंचे सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से जा रहे उनके परिजनों ने घायल दोनों को उठाकर इलाज हेतु स्वरूप रानी अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दर्जनों लोगों ने की छात्र की पिटाई, वीडियो वायरल



अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मामला प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के सेंट थॉमस स्कूल का बताया जा रहा है । बता दे की ग्राम इनायत पट्टी का छात्र शेख जियाउर रहमान हंडिया सेंट थॉमस स्कूल में कक्षा 10 में पढ़ाई करता है स्कूल से घर जाते समय रास्ते में रोक कर दर्जनों लोगों ने बुरी तरह राड और डंडों से दौडाकार पिटाई की जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई जिसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है । वही छात्र के पिता ने लिखित रूप से थाना हंडिया में तहरीर दे कर पीट रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।

## केन्द्रीय हिन्दी पुस्तक मेला एवं जी.एस.टी. साहित्य उत्सव 2025 का भव्य शुरूवात

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** भारत सरकार की राजभाषा नीति के बेहतर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने एवं हिन्दी के प्रचार - प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्रीय माल और सेवा कर एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, इलाहाबाद में तीन दिनों तक (दिनांक 25, 26 एवं 27 नवम्बर 2025) जी.एस.टी. भवन परिसर में चलने वाले त्रिदिवसीय द्वितीय केन्द्रीय हिन्दी पुस्तक मेला एवं जी.एस.टी. साहित्य उत्सव 2025 की भव्य शुरूवात आज दिनांक 25 नवम्बर 2025 को हुई क इस आयोजन का शुभारम्भ केन्द्रीय जी.एस.टी. विभाग के आयुक्त राजन दत्त जी ने दीप प्रज्वलन एवं बुक स्टाल का फीता काटकर किया क उद्घाटन समारोह में एम.वी. कान्वेंट इंटर कॉलेज के बच्चों ने मनमोहक एवं सुन्दर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर समारोह की भव्यता को बढाया।

उक्त पुस्तक मेले हिन्दी के प्रतिष्टित प्रकाशकों की पुस्तकें / विविध साहित्य उपलब्ध हैं जिनमें प्रमुखतः वाणी प्रकाशन, भारतीय ज्ञानपीठ, राजकमल, लोकभारती, राधाकृष्ण, हिन्द युग्म, डायमंड, प्रभात, राजपाल इत्यादि हैं।

जी.एस.टी. विभाग के आयुक्त महोदय ने इस अवसर पर कहा कि, हिन्दी भाषा से जुड़े ऐसे आयोजन विभाग को आमजनों से भी जोड़ने का काम करते हैं एवं उन्होंने प्रयागराज समस्त के समस्त निवासियों को इस पुस्तक मेले में आने का आह्वान किया।

उद्घाटन समारोह में जी.एस.टी. विभाग के अपर आयुक्त महफूजुर रहमान एवं रजनीकांत मिश्रा जी ने अपने विचार प्रकट किए क मंच संचालन जी.एस.टी. विभाग के हिन्दी अधिकारी उमेश कुमार मौर्य ने किया।

## जगतपुर फ्लाईओवर के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला

**उतरांव।** उतराव थाना क्षेत्र के जगतपुर रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला है। युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है। मंगलवार को हुई इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस के अनुसार युवक ट्रेन नंबर 6511 1 पैसेंजर की चपेट में आ गया था। यह ट्रेन रामबाग से गाजीपुर वाराणसी की ओर जा रही थी मृतक युवक ने नीले रंग का जैकेट पहनना था। लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है थाना उतराव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। और युवक की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी इस युवक के बारे में कोई जानकारी हो तो थाना उतराव से संपर्क करें।और ट्रेन से कटकर युवक का शव कई टुकड़ों में बटा हुआ था। उतरांव थाना प्रभारी प्रीतम कुमार तिवारी ने बताया कि अज्ञात युवक का शव जगतपुर फ्लाईओवर रेलवे ट्रैक के नीचे पाया गया है। शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लापरवाही : सड़क और पुलिया का कार्य शुरू कर भूल गया ठिकेदार

- जनता को आवागमन में हो रही दिक्कत,लोग हो रहे चोटहिल
- एक सड़क पुल सहित 1.86 करोड़ और दूसरी सड़क पुलिया सहित 1.27 करोड़ की हो चुकी हैं मुख्यमंत्री, डीसीएम, विधायक, एमएलसी द्वारा शिलान्यास

अखंड भारत संदेश




**कोरांव।** कोरांव के ग्राम सभा अल्हवा में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत करीब एक किलोमीटर पक्की सड़क और सेवती नदी पर निमार्णाधीन पुलिया जो अल्हवा मुशहर बस्ती से जमुआ धूँस तक और नदी पर सत्रह मीटर लंबे पुल के निर्माण कार्य हेतु 1.86 करोड़ रुपए की लागत से पिछली गर्मी मौसम में निर्माण कार्य दाई संस्था पी डब्लू डी के ठिकेदार ने शुरू करा कर चुप्पी साध ली है। जिस कारण लोगों का आवागमन बाधित हो गया है,और ठिकेदार के प्रति गहरी नाराजगी देखी गई। क्योंकि सड़कों पर जगह जगह गिरे गिटटी पूरी बरसात बीत जाने के बाद भी रोड रोलर न तो चलाया गया और न तो पटरिया बनाई गई और न ही पुलिया का कार्य अधूरा छोड़ कर पूरा कराया जा रहा है।

इसी तरह एक करोड़ सत्ताईस लाख की लागत से मंजूर काली सड़क की ठिकेदार ने स्वीकृत पूरी लम्बाई भी नहीं पूर्ण की और न तो समुचित रूप से पुलिया का निर्माण ही किया। ऐसी पुलिया बनाई गई नदी से नीचे उतरने वाले वाहन या आदमी कोई चलेगा तो उसे मुल्क आदम जाना तय है। बरसात में एक ट्रैक्टर भी उक्त पुलिया से बह गया था। किसी तरह निकाला गया।

चर्चा है कि इस बाबत जूनियर इंजीनियर और ए इ लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड ने ठीकेदारों को टाइट किया किंतु कुछ असर उन लोगों पर नहीं दिखा। और न ही कोई कार्य उक्त दिशा में ठीकेदारों ने पूर्ण किया। ग्राम वासियों का कथन है कि जी रोड और पुल अल्हवा मुशहर बस्ती वाली बननी है उसे ठिकेदार ने जगह जगह गिटटी डाल कर मानक के विपरीत छोड़ दिया है जिससे पूरे वर्षा काल में लोगों को आवागमन में नारकीय स्थित का सामना करना पड़ा। कई बार आग्रह और शिकायत के बावजूद ठिकेदार ने कार्य नहीं चालू किया। जिससे ग्रामवासी क्षुब्ध हैं। क्योंकि उक्त सड़क का ठिकेदार कहता कुछ है और करता कुछ है। उक्त रास्ते से कई लोग चोटिहिल हो चुके हैं किंतु ठिकेदार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की है।

अस्तु जिलाधिकारी से जनता ने मांग की है कि उक्त ग्राम सभा के दोनों सड़कों के मह पुल सहित सड़क का पूरा स्वीकृत कार्य लोक निर्माण विभाग से जांच कराकर समयांतर्गत निर्मित कराई जाय जिससे लोगों को असुविधा न उत्पन्न हो और सरकारी धन का दुपर्योग न हो।

## प्रीतिभोज में गाजे-बाजे के साथ बारात लेकर पहुंची दुल्हन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** कुछ अनोखा देखने को मिला शादी-समारोह की खुशियों के बीच सोमवार को कीडगंज की रहने वाली तनु प्रीतिभोज के दिन अपनी बारात लेकर मुठीगंज स्थित ससुराल पहुंची। पारंपरिक बाजों और मांगलिक गीतों की गुंज के साथ दूल्हे रजत के घर पहुंचने पर बारात का दूल्हे के परिवार और रिश्तदारों ने स्वागत किया। प्राइवेट नौकरी करने वाले राजेश जायसवाल की पांच बेटियां हैं उनके बेटा कोई नहीं है। लेकिन उनकी इच्छा थी कि बेटी की शादी बेटे की तरह करूंगा। इसी अभिलाषा को पूरी करने के लिए उन्होंने बाकायदा कार्ड छपवाया जिसमें लिखवाया कि हमारी बटी की बारात। सोमवार को शाम छह बजें बारात काजल सिनेमा से शुरू हुई, जिसमे तनु रथ पर सवार होकर संसुराल पहुंची। बारात में तनु की चार बहनें, रिश्तेदार समेत 100 से अधिक लोग शामिल रहे। तनु की बड़ी बहन स्वाति ने बताया कि तनु की शादी 20 नवंबर को हुई थी। उसके बाद ससुराल से मायके आ गयीं और सोमवार को पारंपरिक तरीके से बारात लेकर मुठ्ठीगंज में पति रजत के घर प्रीतिभोज में पहुंची। प्रीतिभोज में बारात का पुष्प वर्षा कर और आरती करके स्वागत किया गया।

## हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से साढ़े सात लाख रुपया ऐंठा

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के गोहरी गांव के रहने वाले एक युवक को हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने के झांसा देकर ऑन लाइन कोचिंग संचालन करने वाला युवक ने साढ़े सात लाख रुपया ऐंठ लिया। करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद नौकरी नहीं मिली तो भुक्तभोगी युवक ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ फाफामऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक गोहरी गांव के मनोज कुमार प्रजापति का आरोप है कि वर्ष 2023 में इसकी पहचान अमरोहा जिले के रहने वाले कैरियर विथ अरुण नाम से ऑन लाइन कोचिंग संचालन करने वाले से व्हाट्सअप पर बातचीत हुई थी। जिस पर कोचिंग संचालन अरुण कुमार पवार ने मनोज कुमार को हाईकोर्ट में जूनियर असिस्टेंट पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर उससे कई बार में ऑन लाइन खाते में सात लाख पैंसठ हजार रुपया खाते में ट्रांसफर करा लिया और उसके मूल शैक्षिक दस्तावेज भी ले लिया। आरोप है कि करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आरोपी युवक ने न तो नौकरी दिलाई और न ही पैसा वापस किया।

## माघ मेले में पहली बार दौड़ेंगी AC शटल इलेक्ट्रिक बसें, श्रद्धालुओं को आवागमन में होगी सुविधा



**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 संगम नगरी में अगले वर्ष होने वाले माघ मेला में यहां त्रिवेणी स्नान को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। उनकी सुविधा के लिए पहली बार मेला क्षेत्र में शटल बस सेवा शुरू होने जा रही है और ये शटल पूरी तरह इलेक्ट्रिक होंगी।

धुएं-धूल से मुक्त, शांत और पर्यावरण के अनुकूल ये भगवा ई-बसें मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक आसानी से पहुंचाएगी। अभी प्रयागराज में सिटी बस सेवा के तहत सिर्फ 50 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। माघ मेला 2026 में शटल सेवा के लिए कुल 75 ई-बसों की जरूरत है। इसलिए परिवहन विभाग ने तुरंत कदम उठाया है।

दो जनवरी 2026 तक 25 अतिरिक्त ई-बसें प्रयागराज आ जाएंगी। इस तरह मेला शुरू होने से पहले ही पूरी 75 बसों का बेड़ा तैयार हो जाएगा। ये बसें अस्थायी बस अड्डों से चलेंगी। माघ मेला क्षेत्र, पार्किंग स्थल, रेलवे स्टेशन और शहर के मुख्य हिस्सों तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने का काम करेंगी। भीड़भाड़ वाले स्नान पर्वों पर ये शटल पांच-पांच मिनट के अंतराल में चलेंगी ताकि किसी को ज्यादा देर इंतजार न करना पड़े।

प्रयागराज सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक रविंद्र कुमार कहते हैं, ह्लमहाकुंभ-2025 में भी हमने दूसरे शहरों से ई-बसें मंगवाई थीं और यात्रियों को बहुत राहत मिली थी। उसी अनुभव को देखते हुए अब माघ मेले में भी शटल सेवा शुरू कर रहे हैं।

ये बसें न सिर्फ प्रदूषण मुक्त हैं बल्कि एसी सुविधा के साथ आरामदायक भी हैं। इलेक्ट्रिक शटल सेवा से न सिर्फ यातायात सुगम होगा बल्कि प्रयागराज एक बार फिर हरित और स्वच्छ मेले के रूप में देश-दुनिया के सामने उदाहरण पेश करेगा।ह्व

## एक से 8वीं तक के विद्यार्थी परीक्षा में नहीं लाएंगे बस्ता, बीएसए का निर्देश

**प्रयागराज।** बेसिक स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों की शैक्षिक सत्र 2025-26 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 28 नवंबर से शुरू हो रही है। परीक्षा तीन दिसंबर तक संचालित होगी। परीक्षा के दौरान विद्यालय में सभी छात्रा और छात्राएं बिना बस्ता लिए ही आएंगे। कक्ष में उन्हें परीक्षा के मानक के अनुरूप समान दूरी पर बैठाना होगा।

विद्यार्थियों को अपने साथ केवल पेंसिल बाक्स, पेन व परीक्षा संबंधी उपकरण (पैड) लाना होगा। परीक्षा की सुचिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अनिल कुमार ने दिए हैं। बीएसए ने निर्देशित किया है कि सभी शिक्षक तत्काल बच्चों को अर्द्धवार्षिक परीक्षा के संबंध में जानकारी दें। अभिभावकों को भी परीक्षा के महत्व के बारे में सूचित करें।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन से संबंधित अभिलेख प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं का प्राप्ति रजिस्टर/वितरण एवं अन्य आवश्यक अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जाएंगे। अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल घोषित करने के दिन छात्र अभिभावक के साथ स्कूल आएंगे। उन्हें छात्र-छात्राओं की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई जाएंगी।

बीएसए ने बताया कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा कराने का पूरा उत्तरदायित्व विद्यालय स्तर पर संबंधित प्रधानाध्यापक, विकास खंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी का होगा। कल यानी बुधवार शाम सात बजे सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों/अध्यापकों का अर्द्धवार्षिक परीक्षा के संबंध में यूटूब सत्र बीएसए के साथ होगा। इसमें तैयारियों की जानकारी लेने के साथ आगे के निर्देश दिए जाएंगे।

## प्रयागराज शहर के पुराने मुहल्लों में 80 किमी बिछाई जाएगी सीवर लाइन, छूटे क्षेत्रों में दिसंबर से शुरू होगा सर्वे

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के कई मुहल्लों में सीवर लाइन नहीं बिछाई गई है। इस वजह से दूषित पानी सड़कों पर बहता है और वहां रहने वाले व आने-जाने वालों को समस्या झेलना पड़ता है। सुविधा मुहैया कराए बिना ही जलकल विभाग सीवर कर भी वर्षों से वसूल रहा है।

इस समस्या से लोगों को छुटकारा दिलाने के लिए दिसंबर से छूटे मुहल्ले में सीवर लाइन बिछाने का सर्वे शुरू होगा। एक माह के भीतर सर्वे पूरा करके सीवर लाइन बिछाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वर्तमान में 1,400 किमी तक सीवर लाइन बिछाई गई है।

शहर के 80 पुराने वार्डों के मुहल्लों में 80 से 120 किमी तक सीवर लाइन बिछाई जाएगी। सीवर लाइन बिछाने के दौरान ही भवन स्वामियों को कनेक्शन भी दिया जाएगा। जल निगम की ओर से सर्वे पूरा करके रिपोर्ट नगर आयुक्त को उपलब्ध कराई जाएगी। नगर आयुक्त के माध्यम से रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। शहर के कई पुराने वार्डों में कहीं पर 100 मीटर तो कहीं पर 50 मीटर की दूरी में नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इन मुहल्लों में होगा सर्वे- मलाकराज मुट्ठीगंज, दरियाबाद, रामबाग, बहादुरगंज, अतरसुइया, अटाला, चकिया, हिम्मतगंज, राजरूपपुर, बेनीगंज, करैलाबाग, लूकरगंज सहित सलोरी, शिवकुटी, विश्वविद्यालय क्षेत्र, एलनगंज, टैगोर टाउन, भारद्वाज पुरम, बाघम्बरी हाउसिंग, तेलियरगंज, मेंहदौरी, रसूलाबाद, करेली, लूकरगंज, अशोक नगर, राजारापुर, स्वराज नगर, बघाड़ा, म्योराबाद, बघाड़ा, कटरा, मम्फोर्डगंज, सादियाबाद, अलोपीबाग आदि वार्डों में सीवर लाइन बिछाने के लिए सर्वे होगा।

**2-3 माह में सीवर लाइन बिछाई जाएगी : नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त साईं तेजा का कहना है कि शहर के छूटे हुए मुहल्लों में सीवर लाइन की सुविधा लोगों को मिले इसके लिए अगले महीने से सीवर लाइन बिछाने के लिए सर्वे शुरू कराया जाएगा। दो से तीन माह में सीवर लाइन बिछाकर लोगों को सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

# अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दंपति सहित चार घायल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के देवसरा-पट्टी मार्ग पर सोमवार देर शाम एक बोलेरो और बाइक की जोरदार टक्कर में दंपति समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद बोलेरो सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार आसपुर देवसरा निवासी सूरज सिंह (55) अपनी पत्नी अंकुर देवी (52), चार वर्षीय बेटे अर्चित और भाई इंदल सिंह के साथ कोहडौर बाजार में आयोजित एक शादी समारोह से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। जैसे ही वे धौरहरा-सेमराडीह मार्ग के मोडपर पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार चारों लोग सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा फंसी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढपहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने चारों को हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते हैं कि सभी की स्थिति नाजुक बनी हुई है।थाना प्रभारी विजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। बोलेरो चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## पुलिया से टकराई बाइक, एक की मौत, दो घायल

**प्रतापगढ़।** बाइक से दो साथियों के साथ बारात जाते समय अनियंत्रित बाइक पुलिस से टकरा जाने से युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायलों को रेफर किया गया है। हथिगवां थानाक्षेत्र के जैंसावा गांव निवासी कमलेश सरोज (28) पुत्र मल्हू सरोज गांव के ही अपने साथी अजय कुमार (29) पुत्र फूलचंद्र सरोज व कमलेश सरोज (30) पुत्र प्रह्लाद सरोज के साथ एक ही बाइक से रायबरेली बारात में शामिल होने जा रहे थे। संग्रामगढ थानाक्षेत्र के चंदू की बाग अर्रो के पास बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में तीनों घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी ले गई। जहां मल्हू सरोज के बेटे कमलेश को मृत घोषित कर दिया गया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नाबालिग के अपहरण के आरोपी को कारावास की सजा

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अजय कुमार ने नाबालिग के अपहरण के आरोप में दोषी पाते हुए अवधेश सिंह निवासी छाताडीह थाना मऊआइमा,जिला प्रयागराज को सात वर्ष के कारावास तथा तीस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अभय सिंह ने की।वादी मुकदमा के गांव में दिनेश सिंह के ईट के भट्टे पर चार माह से मजदूर ईट की पथाई करने के लिए आये थे उसी में से योगेंद्र ,फूलचंद ,तथा अवधेश सिंह उसके खेत में ईट की पथाई कर रहे थे। 15 अप्रैल 2001 को तीनों लोग वादी की लड़की जिसकी उम्र 12 वर्ष है को बहला फुसलाकर रात में चोरी से भगा ले गए। वादी की लड़की अपने साथ तीन हजार रूपया नगद व मां के तथा अपने कुछ जेवरात व कपड़े आदि लेकर गई जब वादी उनके घर गया तो उपरोक्त लोग उसकी लड़की को अपने घर के अंदर छुपा दिए और वादी को गाली गुप्ता तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। अवधेश सिंह की पत्रावली अलग करके विचारण हेतु न्यायालय को प्रेषित की गई।

## अवैध शराब व लहन के साथ तीन गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले में चलाए गये नशा विरोधी अभियान के तहत मानिकपुर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब व 450 किलो लहन बरामद किया गया। दरोगा संतोष यादव ने वाहन चेकिंग के दौरान रहमत अली का पुरवा निवासी हरिश्चद्रं को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया वहीं दरोगा अचिन्तय शुक्ला ने पूरे अली नकी निवासी रमेश सरोज को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। दरोगा मो. नदीम खान ने पूरे अली नकी निवासी वीरेन्द्र सरोज को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने 450 किलो लहन भी बरामद किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए बरामद लहन को नष्ट कराया।

## तमंचा सटाकर गालीगलौज व जानलेवा धमकी का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर आरोपियों द्वारा तमंचा सटाकर पीड़ित के पुत्रों के साथ मारपीट को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के तिना दुबान निवासी अखिलेश कुमार दुबे पुत्र स्व0 रामयश ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस नवंबर को वह निमंत्रण गया था। घर पर उसके दो पुत्र मौजूद थे। वह लोग पुराने घर से जा रहे थे। इस बीच रास्ते में चितरी गांव के दो आरोपियों ने पीड़ित के पुत्रों की बाइक जबरिया रोक कर तमंचा सटाकर जानलेवा धमकी दी। इसके बाद आरोपी उसके दरवाजे पर पहुंच गये तथा गालीगलौज करने लगे। दरवाजे पर आधा दर्जन आरोपियों ने उसके दरवाजे पर बाइक व अन्य सामानों में तोडफोड़ भी की। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## बाजारों में बंदरों का उत्पात देख हलाकान हैं लोग

**लालगंज।** तहसील के वर्मा नगर क्षेत्र में बंदरों के उत्पात से लोग रोज परेशान हो रहे हैं। लालगंज तहसील मुख्यालय में भी बंदरों का उत्पात अधिवक्ताओं समेत यहां आने वाले वादकारियों को भी तंग किये हुए है। बंदरो के उत्पात से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गलियों, बाजार और घरों की छतों पर बंदरों के झुंड खुलेआम घूमते रहते हैं। इसके कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है। बंदरों के समूह द्वारा राहगीरों समेत लोगों के सामान को नुकसान पहुंचाने तथा खाद्य पदार्थों को छीनने की घटनाएं भी सामने आई हैं। वर्मा नगर चैराहे पर आधा दर्जन विद्यालय संचालित होते हैं। बंदरों के डर से अभिभावकों को स्वयं बच्चों को विद्यालय पहुंचाने को विवशता में देखा जा रहा है। परेशान अभिभावकों का कहना है कि बंदर कई बार बच्चों के बैग तक छीनने की कोशिश करते हैं, जिसके कारण वे बच्चों को अकेले भेजने की हिम्मत नहीं कर पा रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों की संख्या रोज बढ़ रही है और कई लोग इनके हमलों में घायल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक समाधान नहीं निकल सका है। क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत और वन विभाग से मांग की है कि जल्द कार्रवाई कर बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जाए, ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके।

### दुर्घटना में हुए घायल

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई चैराहे पर कार की टक्कर से ईरिक्शा पलट गया। दुर्घटना में रामपुर बावली के रहने वाली सानिया 15, सबीना 18 पुत्री मुख्तार अली और फातिमा 20 पुत्री सलीम चोटिल हो गयी। घायलों को स्थानीय चिकित्सक के यहां उपचार के बाद घर भेज दिया गया। रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि किसी पक्ष की ओर से शिकायत नही मिली है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## फांसी लगाकर युवती ने दी जान, कोहराम

**प्रतापगढ़।** घर के अंदर मौजूद अकेली युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के मुताबिक मृतका काफी दिनों से बीमारी से परेशान चल रही थी। परिवार के लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। लालगंज कोतवाली के महिमा का पुरवा निवासी श्याम लाल सरोज की तेईस वषीर्या पुत्री पूनम सरोज सोमवार की शाम घर में अकेली थी। पिता ईंट भटठे पर परदेश में मजदूरी करता है। मां किसी कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गयी थी। देर रात वापस पहुंची तो घर में बेटी पूनम का शव फंदे पर लटका देख दंग रह गयी। पडोसियो की मदद से फंदे से उतारकर पूनम को ट्रामा सेंटर ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# तरुण चेतना ने 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान का किया शुभारंभ

### महिला अधिकारों की रक्षा को समर्पित 16 दिवसीय राष्ट्रीय अभियान : हकीम अंसारी

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** तरुण चेतना द्वारा महिलाओं के प्रति हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान की शुरूआत की जा रही है।यह वैश्विक अभियान प्रतिवर्ष 25 नवंबर (अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस) से 10 दिसंबर (मानवाधिकार दिवस) तक मनाया जाता है। जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढाने का काम किया जायेगा। उपरोक्त बातें तरुण चेतना के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में महिला हिंसा विरोधी अभियान के प्रभारी हकीम अंसारी ने कहा। इसी क्रम में रिसर्च ऑफिसर श्याम शंकर शुक्ला नेअभियान के उद्घाटन समारोह में मीडिया के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानसिक विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है।उन्होंने सभी नागरिकों, संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा युवाओं से इस अभियान में मीडिया के माध्यम से सक्रिय भागीदारी की अपील की।हुस्नारा बानो ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं एवं किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम,विद्यालयों व महाविद्यालयों में कार्यशालाएँ, विधिक जागरूकता शिविर, घरेलू हिंसा साइबर अपराध एवं लैंगिक भेदभाव पर संवाद सत्र, जनजागरूकता रैली एवं हस्ताक्षर अभियान, सोशल मीडिया अभियान और ऑनलाइन जागरूकता सामग्री का प्रसार एवं हेल्पलाइन नंबरों के प्रचार-प्रसार एवं शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी क्षेत्रों में जाकर दिया जाएगा। बाल अधिकार परियोजना के जिला कोऑर्डिनेटर अच्छे लाल बिंद ने बताया कि इस 16 दिवसीय अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता बढाना ही नहीं, बल्कि समाज में सम्मान, सुरक्षा और समानता की भावना को मजबूत करना है। महिलाओं के प्रति हर प्रकार की हिंसा को समाप्त करने तथा सशक्त बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग सहयोग आवश्यक है।

# अभियान में गायब मिले शिक्षक का एसडीएम ने किया स्पष्टीकरण तलब



**प्रतापगढ़।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर मंगलवार को एसडीएम ने कई मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रामपुर संग्रामगढ़ के नौढ़िया मतदेय स्थल पर तैनात प्राथमिक शिक्षक को गैरहाजिर देख एसडीएम का पारा चढ़ गया। नाराज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी को सम्बन्धित शिक्षक का स्पष्टीकरण लिये जाने के निर्देश दिये है। वही एसडीएम शैलेन्द्र ने बेलहा, खजुरी, नरायनपुर, कामापटटी, शीतलमऊ आदि मतदेय स्थलों का भी निरीक्षण कर पुनरीक्षण अभियान की हकीकत खंगाली। एसडीएम ने अभियान में लगे सभी बीएलओ को घर घर जाकर मतदाता प्रपत्र पूर्ण कराये जाने के कड़े निर्देश दिये। उन्होने कहा है कि यदि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में शिकायत मिली तो सम्बन्धित जिम्मेदार के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। वही अभियान को लेकर तहसीलदार गरिमा वर्मा तथा नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र ने भी कई मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

## लाकर में रखा दस लाख का गहना गायब

**पट्टी।** विवाहिता ने अपने घर के लाकर में रखे दस लाख के गहने के गायब होने का आरोप लगाते हुए शिकायत पट्टी कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लबेदा गांव निवासी सोनी देवी पत्नी कृष्णा कुमार ने पट्टी कोतवाली में शिकायत करते हुए आरोपित किया है कि उसका पति काम के सिलसिले में बाहर रहता है। वह अपने घर के ही लाकर में रुपये के साथ ही गहना आदि रखा था। जब वह 5 नवबर 2025 को लाकर में से रुपये निकालने गई तो उसमें से उसके द्वारा रखा गया लगभग दस लाख रुपये का गहना गायब था। विवाहिता ने अपने घर पर मौजूद परिजनों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने कुछ नही बताया। महिला ने दिल्ली में मौजूद अपने पति को इसकी सूचना दी तो वह दिल्ली से घर आया। तब महिला अपने पति के साथ मंगलवार की लगभग तीन बजे पट्टी कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## महिला को फावडा लेकर दौड़ाया शिकायत पुलिस से

**पट्टी।** कोतवाली निवासी विवाहिता ने पडोसियों पर मारपीट करने के साथ ही फावडे से हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर पट्टी कोतवाली में दी है। अमुवाही गांव निवासी अंजू देवी पत्नी अनुराग मिश्रा ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित किया है कि मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे उनके पडोस के ही कुछ लोग उसके खेत में गोबर के कण्डे बनाने के लिए उसके खेत में मिट्टी की सफाई कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोप है कि वो लोग गाली गलौज करने के साथ ही फावडा लेकर दौडा लिए। किसी तरह वह व उसका पुत्र भागकर घर पहुंचे और इसकी सूचना डायल 112 को दी तो उसकी जान बच सकी। विवाहिता ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बजरंग दल ने मुंह मीठा करके जताई खुशी



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** रामजन्मभूमि अयोध्या में भव्य मन्दिर बनने के बाद 25 नवम्बर को ध्वजारोहण कार्यक्रम रखा गया। मंगलवार को तय मुहूर्त पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं संघ प्रमुख मोहन भागवत ने ध्वजारोहण किया। उक्त अवसर पर पट्टी नगर में बजरंग दल जिला संयोजक प्रिन्स बरनवाल के नेतृत्व में बजरंग दल कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी करने के साथ ही लोगों का मुंह मीठा कर-के खुशी जताई। इस दौरान जिलाध्यक्ष बिन्दु पाठक, सूरज सिंह, शिवकुमार सोनी, राजू सोनी, राहुल सोनी, आर्यन सरोज, कुलदीप गुप्ता, मोहित मौर्या, सत्यम सोनी, प्रणव सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# समारोहपूर्वक मनाया गया पं0 बद्रीधर द्विवेदी का जन्मदिन, रंगारंग कार्यक्रमों ने मोहा मन

अखंड भारत संदेश






**प्रतापगढ़।** बाबागंज क्षेत्र के पूरे बुद्धीधर स्थित बीडी इण्टर कालेज के प्रांगण में मंगलवार को कई शिक्षण संस्थानों के संस्थापक रहे समाजसेवी स्व0 पं0 बद्रीधर द्विवेदी का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारंभ शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी व संस्थान के निदेशक डॉ0 विनय द्विवेदी एवं आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों के साथ समाजविदों ने परिसर में स्थित पं0 बद्रीधर द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि भी अर्पित की। बद्रीधर द्विवेदी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन के बैनरतले रंगारंग कार्यक्रमों का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुआ। वहीं अयोध्या प्रसाद द्विवेदी डिग्री कालेज प्रयागराज, अयोध्या प्रसाद द्विवेदी लॉ कालेज प्रयागराज, बद्रीधर द्विवेदी टीचर्स एजूकेशन सेण्टर, भगवती देवी बालिका जूनियर हाईस्कूल पूरे बुद्धीधर, पीजी कालेज पूरे बुद्धीधर, बीडीएस पब्लिक स्कूल की छात्राओं मानवी तिवारी, स्मृति यादव, रिया गौतम, साक्षी तिवारी, खुशी यादव, वैष्णवी सिंह, जान्हवी, अंशिका मौर्या, फातिमा, कोमल, उषा पटेल आदि द्वारा भावनृत्य, एकांकी, प्रहसन, जागरूकता नाटक व संस्कृति एवं सदभावना पर आधारित भावपूर्ण सामूहिक प्रस्तुति देखकर अतिथि व अभिवावक मंत्रमुग्ध दिखे। बीडीएस पब्लिक स्कूल के नन्हें मुन्हें बच्चों की प्रस्तुतियां देख अभिवावकों की तालियां भी गूंज उठी। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने देश के निर्माण में ज्ञानवान तथा संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण पर जोर दिया। रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मेधावियों को लक्ष्य के प्रति प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ0 विनय द्विवेदी ने शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल व अनिल महेश तथा रावेन्द्र नाथ मिश्र, समाजसेवी अशोक पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य तीर्थराज शुक्ल को सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए मोमेण्टो व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। बीडीएस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या निशा द्विवेदी ने संस्थान से जुड़े शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अर्चना द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रारी निदेशक प्रगल्भ द्विवेदी ने आभार जताया। पूर्व प्रधानाचार्य राकेशधर द्विवेदी, पूर्वी मिश्रा, जिया कुशवाहा, अदिति शुक्ला, आदित्य द्विवेदी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। संचालन प्रधानाचार्य देवेन्द्रमणि तिवारी व प्राचार्य नरेन्द्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उमाशंकर त्रिपाठी, रामप्यारे शुक्ल, विमल सिंह, छोटे लाल मौर्य, सुरेन्द्रधर द्विवेदी, सत्य नारायण मिश्र, दिनेशधर द्विवेदी, जगदीश प्रसाद सरोज आदि रहे।

## रास्ते के विवाद में महिला को जेठ ने लाठी डंडों से पीटा

**पट्टी।** रास्ते के जमीन पर बाउंड्री बना रहे जेठ को रोकने पर महिला को लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। मार-पीट में महिला को गंभीर चोटे आई, लोगों के बीच बचाव से किसी तरह महिला की जान बची। मामले में पीड़ित ने सूचना डायल 112 पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर चली आई। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर बनपुरवा गांव निवासी रेखा देवी पत्नी राजबहादुर यादव ने मंगलवार की सुबह पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रास्ते की जमीन पर उसका जेठ बाउंड्री बना रहा था।जिसका विरोध करने के लिए वह गई तो उसको गाली देते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार सुनकर आस-पास के लोग ने बीच-बचाव किया। तब जाकर महिला की जान बची। मार-पीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। मामले में नामजद आरोपी के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# बाइक सवार मजदूर पुलिया से टकराए एक की मौत एक घायल

अखंड भारत संदेश

● शराब के अधिक नशे के चलते दुर्घटना के शिकार हुए हैं बाइक सवार

● दुर्घटना के बाद मौके पर लगी सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ मचा कोहराम



**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के पवारा गांव के सरकारी समरसेबल के पास नहर की पुलिया से मंगलवार की सुबह बाइक सवार दो मजदूर टकरा गए हैं दुर्घटना इतनी तेज थी कि बाइक सवार एक मजदूर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पहुंचे मामले की सूचना पुलिस एंबुलेंस और परिवार वाले लोगों को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी रामलाल उम्र 45 वर्ष पुत्र करन यादव अपने साथी विजय लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी लहना थाना करारी के साथ मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे बाइक से जा रहे थे दोनों मजदूर मिक्सर मशीन में काम करते हैं जैसे ही दोनों लोग पवारा गांव के सरकारी समरसेबल की नहर पुलिया के पास पहुंचे बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार नहर की पुलिया से टकरा कर नहर में गिर गए दुर्घटना से रामलाल की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है और इस दुर्घटना में विजय लोधी गंभीर रूप से घायल है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ो लोग घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस एंबुलेंस और हादसे के शिकार लोगों के परिवार के लोगों को दी गई जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंचे गए सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस और चौकी पुलिस पहुंची और घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि शराब के नशे के चलते दुर्घटना के शिकार बाइक सवार हुए हैं।

## तेजगति कार ने दो बाइक में मारी टक्कर दोनों बाइक सवार घायल




**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल के पास हाइवे पर तेज गति अनियंत्रित कार चालक ने मंगलवार की दोपहर को दो बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों के पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायल बाइक सवारों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है जानकारी परिवार के लोगों को दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बा के रहने वाले नरेश कुमार मंगलवार की दोपहर में बाइक में बैगन लाद कर बाजार जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार कोकराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल गांव के पास हाईवे पर पहुंचे फतेहपुर की तरफ से प्रयागराज की तरफ जा रहे कार नम्बर ४स्र 70ॅ 6505 ने सब्जी लेकर जा रहे बाइक सवार नरेश को टक्कर मार दिया दुर्घटना में नरेश बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया इसके बाद कार चालक ने दूसरे बाइक सवार अमित त्रिपाठी निवासी ककोढा को भी टक्कर मार दिया है जिससे अमित कुमार त्रिपाठी भी सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस एम्बुलेंस और परिवार के लोगों को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया और कोखराज पुलिस ने चार पहिया वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया।

## साइकिल सवार को बाइक सवार ने मारी टक्कर, 2 घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाइवे पर भौंतर मोड के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया जिससे बाइक में बैठी महिला और साइकिल सवार घायल हो गए।घटनाक्रम के मुताबिक नन्दलाल उम्र 55 वर्ष पुत्र जग्गा निवासी केन किसी विवाह लगन में बाजा बजाकर घर जा रहा था ज्यों ही साइकिल सवार सर्विस मार्ग से हाईवे में साइकिल चढ़ाया उसी दरम्यान पक्का तालाब फतेहपुर निवासी बाइक सवार युवक जो अपनी माता खलीला कुरैशा के साथ सैनी की तरफ जा रहा था टक्कर मार दिया जिससे साइकिल सवार और बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए मौके पर रहे लोगों ने घायल नंदलाल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां नंद लाल के परिजन भी पहुंच गए सूचना पर पहुंची एनएचआई की एंबुलेंस चालक ने घायल खलीला कुरैशा और नंदलाल को सिराथू सीएचसी में भर्ती कराया।

## ट्रेन के सामने कूद कर शिक्षक ने किया आत्महत्या

अखंड भारत संदेश



**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मनोहरगंज रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन पर ट्रेन के आगे कूद कर एक शिक्षक ने आत्महत्या कर लिया है जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है पुलिस ने शिक्षक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है शिक्षक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जाता है। जानकारी के मुताबिक हीरालाल उम्र 33 वर्ष पुत्र सरजू प्रसाद निवासी धावडा थाना पश्चिम शरीरा कंपोजिट विद्यालय बनी खास में शिक्षक के पद पर तैनात थे शिक्षक राम बहादुर जवाहरलाल हीरालाल और चंद्रशेखर सहित चार भाई है चंद्रशेखर पुलिस विभाग में तैनात है उसकी डेढ़ महीने बाद शादी होने वाली थी भाई की शादी की बात को लेकर घर परिवार में तनाव बना हुआ था पारिवारिक तनाव से परेशान शिक्षक हीरालाल ने संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मनोहरगंज स्टेशन के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर लिया है उनके शरीर के टुकड़े हो गए हैं जानकारी मिलने के बाद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने शिक्षक के शव की शिनाख्त करते हुए घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी शिक्षक के मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार में कोहराम मचा हुआ है तीन साल पहले शिक्षक की शादी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के डिहवा गांव में हुई थी डेढ़ वर्ष पूर्व उनकी पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया है शिक्षक की मौत के बाद पत्नी और बच्चे रो-रो कर बेहाल हैं।

# जिनका भाजपा से नहीं है लगाव उनका नाम मतदाता सूची से हटाने की चल रही है तैयारी : कांग्रेस

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** मतदाता सूची के सर्वेक्षण पुनरीक्षण के समय एसआईआर में वर्ष 2003 की सूची से सत्यापन में आने वाली दिक्कतों के बाद कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा है कि देश की जिस जनता का बीजेपी पार्टी से लगाव नहीं है उसका नाम वोटर लिस्ट से हटाने की तैयारी भाजपा ने कर लिया है मुस्लिम जाति यादव जाति और अनुसूचित जाति के मतदाताओं का नाम हटाने के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार दिखाई पड़ रही है उन्होंने कहा कि भाजपा की साजिश को कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी जनता लोकतंत्र में मलिक होती है आज जनता दर दर भटक रही है उनके वोट के अधिकार को भाजपा छीन रही है इस तरह की गलत नीतियों का हम कड़े शब्दों में विरोध करते हैं एसआई आर के नाम पर मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं नाम को जोड़ने के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा कि भाजपा के लोग देश की स्थिति ब्रिटिश साम्राज्य से ज्यादा खराब कर देना चाहते हैं उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में जनता का शोषण तेजी से बढ़ा है नगर पालिका भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी के गांव चमरूपुर में 1900 से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से काट दिए गए उन्होंने कहा नाम काटे जा रहे हैं जिससे भाजपा का मतदान का प्रतिशत बढ़ सके लेकिन भाजपा की गलत नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उनको जनता करारा जवाब देगी उन्होंने कहा कि भाजपा देश में कब्जा कर सरकार में दबाव बनाना चाहती है जनता का शोषण कर रही है पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा कि यदि मतदाता सूची में एसआईआर के अंतर्गत गलत तरीके से काटे गए नाम को नहीं रोका गया तो ब्रिटिश सरकार की गुलामी से भी ज्यादा जनता को गुलामी करनी पड़ेगी पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा कि मतदाता रहने के लिए 2003 का रिकॉर्ड मांगा जा रहा है भाजपा की सरकार इस बात को अच्छे तरीके से जानती है कि गांव में रहने वाला व्यक्ति इतना जानकर नहीं है अगर वह 2003 का रिकॉर्ड नहीं देता है तो उसका नाम वोटर लिस्ट से काट दिया जाएगा यह बहुत ही गलत है इसकी कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हंजला उस्मानी ने कहा जिनका नाम 2003 की सूची में नहीं है उनके लिए जो भी आईडी दी गई है उसे बनवाने के लिए ब्लॉक और तहसीलों के चक्कर काटने पर आम जनता को मजबूर किया जा रहा है वोट का अधिकार सबसे बड़ा होता है !जनता मालिक होती है वहीं देश के प्रधानमंत्री को चुनकर प्रधानमंत्री बनाती हैं आज वही जनता तहसील और ब्लॉक का चक्कर लगा रही है !जिसकी हम खड़े शब्दों में निंदा करते हैं ! एसआईआर में हो रही दिक्कतों का सामना जनता कर रही है!एक एक नागरिक के साथ कांग्रेस पार्टी का एक कार्यकर्ता खड़ा है और उनकी मदद करने को तैयार है जिस भी किसी नागरिक को कोई भी दिक्कत परेशानी होती है तो कांग्रेस का कार्यकताओं से संपर्क कर अपना काम कराए इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी ने एसआईआर का विरोध किया और कहा यह लोकतंत्र के खिलाफ है जिसे हम जितने निंदा कर सके वह कम है पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से जोनल क्वाडिनेटर पूर्व विधायक विजय प्रकाश पूर्व राष्ट्रीय सचिव हंजला उस्मानी जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी नगर पालिका अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद, जिला सचिव हेमंत रावत, नगर अध्यक्ष विक्की पांडेय, सिराथू ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रकाश पंडा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# परिजनों की रजामंदी से 2 जोड़ों ने किया प्रेम विवाह, चौकी पुलिस बनी साक्षी





**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत अझुवा में 4 विभिन्न स्थानों के युवक युवतियों ने प्रेम विवाह किया जिसकी साक्षी चौकी पुलिस बनी है। आदर्श नगर पंचायत अझुवा की एक युवती अक्सा बानो का प्रेम प्रसंग करारी थाना क्षेत्र के गुवारा निवासी आजम से चल रहा था लेकिन युवती के परिजन इस रिश्ते से नाखुश थे किसी भी हाल में शादी नहीं होना देना चाहते थे युवती की तहरीर पर चौकी पुलिस ने प्रेमी युवक और उसके परिजनों को चौकी बुलाया जहां दोनों पक्ष आपसी रजा मंदी से निकाह को तैयार हो गए चौकी पुलिस की देखरेख में निकाह सम्पन्न हो गया युवक अपनी दुल्हन को लेकर अपने गंतव्य को रवाना हो गया। इसी प्रकार टांडा गांव के युवक महेंद्र का प्रेम प्रसंग बीते 2 वर्षों से फतेहपुर जिले की गुखुरुवा पुर निवासी अंजू से चल रहा था दोनों एक ही बिरादरी से संबंध रखते हैं लेकिन महेंद्र के परिजन किसी भी सूरत में शादी के खिलाफ थे युवती अंजू आज अपने परिजनों के साथ अझुवा चौकी पहुंच कर तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई चौकी पुलिस ने महेंद्र के परिजनों को चौकी लाकर दोनों पक्षों से बात की इस दरम्यान टांडा गांव के तमाम लोग आ गए चौकी इंचार्ज अंशुमान मिश्रा ने दोनों पक्षों को समझाया जिस पर चौकी प्रांगड़ में ही मौजूद पंडित विनोद मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार कर प्रेमी जोड़े का विवाह करा दिया इस दौरान दोनों पक्ष प्रेम पूर्ण माहौल में अपने घरों को रवाना हो गए चौकी इंचार्ज अंशुमान मिश्रा की इस कार्य शैली की नगरवासियों ने भूरि भूरि प्रशंसा की है।

# एक साथ तमाम लोगों की 4600 रुपए बिजली बिलिंग ने विभाग पर खड़े किया सवाल

अखंड भारत संदेश

● गरीब जनता के जेब में बिजली विभाग के अफसर फर्जी बिल्डिंग के जरिए डाका डालकर उनका घर लूट लेना चाहते हैं

● आखिर एक किलोवाट का 4600 से अधिक रुपये बिल का क्या है राज, आला अधिकारी ग्राम पंचायत के लोगों को बढे बिल से दिला पायेगें निजात

**कोखराज कौशांबी।** बिजली विभाग का स्मार्ट मीटर तो स्मार्ट हो गया है बिजली कुछ भी उपयोग करो बिल 4600 रुपए ही आ रहा है अब सवाल उठता है कि जिन्होंने 300 रुपए महीने की बिजली उपयोग की है उनको 4600 रुपए का बिल विभाग भेजता है विभाग के मंत्री और अफसर क्या साबित करना चाहते हैं गरीब जनता के जेब में बिजली विभाग के अफसर फर्जी बिल्डिंग के जरिए डाका डालकर उनका घर लूट लेना चाहते हैं जिससे जनता परेशान दिखाई पड़ रही है एक दो लोगों के नहीं तमाम लोगों के बिल 4600 के आ रहे हैं यह 4600 के बल के राज समझ में नहीं आ रहे हैं सिराथू तहसील के अन्तर्गत नौढिया आमद करारी मंगल पाण्डेय नगर वार्ड 10 के विक्रम सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह का एक किलोवाट का बिल 4600 रुपए से अधिक आया है परिवार बिल की रशीद से चिंतित है मजेदार बात तो यह है आखिर स्मार्ट मीटर लगने पर बिल अन्य लोगों से भी अधिक आने लगा है जिससे उपभोक्ता परेशान है सूत्रों द्वारा जानकारी ली गई तो लगभग लोगों ने यह चिंता व्यक्त की की हम लोगो का भी 4600 रुपए से अधिक एक किलोवाट का बिल आया है आखिर बिजली उपभोक्ता के यह 4600 रुपये ही बिल क्यों आ रहे हैं अन्य ग्राम पंचायत में भी 4600 से अधिक बिजली बिल आ रहे हैं आखिर इस संख्या का क्या राज है क्यों 4600 रुपए का ही बिजली बिल आते हैं आखिर कैसे जनता को अधिकतर एक समान बिल आ रहें हैं अधाधुंध गलत बिजली बिल की जे ई से शिकायत के बाद जे ई धमकी भरे शब्दों में बढा हुआ बिजली जमा करने को कह रहे हैं आज इस युग में बिजली के बगैर रहना सम्भव नहीं अब गरीब परिवार इस आफत भरें बिल भरने के सोच से चितिंत है आखिर बिल कैसे जमा हो आखिर गरीब उपभोक्ता अपना दर्द किससे बताये आखिर इस समस्या से कैसे गरीब उपभोक्ता की हो मदद क्या आला अधिकारी उपभोक्ताओं को राहत दिला पायेगें।

## जुआ खेल रहे जुआरियों का वीडियो वायरल होने के 36 घंटे बाद भी मौके तक नहीं पहुंची पुलिस

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह पुलिस चौकी अंतर्गत चौराडीह गांव में बोड़डा पासी के ट्यूबवेल के पीछे अरहर के खेत में बीते कई दिन से दो दर्जन जुआरी एकत्रित हो रहे हैं खुलेआम जुआ हो रहा है इसके पहले यह जुआरी इसी गांव के टिक्का तालाब पर एकत्रित होते थे एक घंटे में लाखों रुपया का जुआ हो रहा है फड़ पर चौकी का सिपाही भी बैठते देखा जाता है दर्जनों जुआरी हाथ में नोट लेकर जुआ फड़ पर फेंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जिसका सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है ताश के पत्ते भी जुआ फड़ पर फेंके पड़े हुए हैं 36 घंटे पहले जुआ खेल रहे लोगों का घटना स्थल समेत वीडियो वायरल होने के बाद भी थाना पुलिस जुआ के फड़ पर नहीं पहुंची है बताया जाता है कि जुआ संचालन की आड़ में संचालक से 5000 प्रतिदिन स्थानीय चौकी पुलिस का सिपाही ले रहा है जिससे थाना चौकी पुलिस जुआ के खेल को बंद करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रही है दर्जनों जुआरियों के जुआ खेल रहे वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के 36 घंटे बीत जाने के बाद एक किलोमीटर का सफर चौकी पुलिस नहीं तय कर सकी है जिससे चौकी पुलिस की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# वन विभाग और पुलिस के बीच खिंची तलवार धड़ाधड़ काटे जा रहे फलदार हरे पेड़

अखंड भारत संदेश

● पूरा वन विभाग लकड़ी माफिया के चरणों पर पड़ा हुआ है थाना पुलिस के कारनामों को डीएम कमिश्नर की मीटिंग में नहीं उठाते वन विभाग के अधिकारी



**कौशांबी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में बेखौफ लकड़ी माफिया द्वारा धड़ाधड़ हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं लेकिन कार्यवाही के नाम पर थाना पुलिस वन विभाग को दोषी ठहरा रही है और वन विभाग के अधिकारी थाना पुलिस को दोषी ठहरा रहे हैं वन विभाग और थाना पुलिस के बीच तलवार खींच गई है जिसका फायदा उठा करके लकड़ी माफिया प्रतिदिन हरे फलदार पेड़ को काट रहे हैं और कार्यवाही से भी लकड़ी माफिया बच रहे हैं चरवा थाना के सैयद सरावा पुलिस चौकी अंतर्गत कमालपुर गांव मे सागवान के सैकड़ो हरे पेड़ काटकर रातो रात धराशाही कर दिए लकड़ी माफियाओं की चौकी पुलिस व वन विभाग से संलिप्तता से इंकार नही किया जा सकता।एक हफ्ता पूर्व चरवा थाने के सैयद सरावा पुलिस चौकी अन्तर्गत रतगहा गांव में भी सागवन के हरे पेड़ काटे गए थे पेड़ काटे जाने की सूचना ट्विटर एक्स के माध्यम से शासन प्रशासन को भेजे जाने के बाद मामले में ट्विटर डिलीट करने का दबाव बनाया जाने लगा लेकिन लकड़ी माफियाओं पर कार्यवाही नहीं हुई जिससे पुलिस और वन विभाग के संलिप्तता का अंदाजा लगाया जा सकता है पोस्ट डिलीट करने की बात को जब फिर से ट्विटर एक्स पर पोस्ट किया गया तो ट्विटर की ओर से जानकारी दी गई कि प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक चरवा को वन विभाग से संपर्क कर मौके पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मुकदमा दर्ज नही हुआ जब वनविभाग के दरोगा से बात हुई तो उनका कहना है कि हम एप्लीकेशन दिए हैं प्रयास कर रहे हैं मुकदमा लिखाने का फिर चरवा थानेदार से हुई तो उनका कहना है कि सैकड़ो पेड़ सागवान के कट गए और वन विभाग को जानकारी तक नहीं हुई अब सवाल उठता है कि इतना बड़ा खेल विभाग के कर्मचारी की मिली भगत के बिना नहीं हो सकता और अब विभाग के ही लोग अपना-अपना पल्ला झाड़ने में लगे हैं क्या इसी तरह लकड़ी माफिया हरियाली चट करते रहेंगे और इन पर कार्यवाही नहीं होगी मनबढ़ लकड़ी माफियाओ के हौसले बुलंद होते रहेंगे।कुछ वर्षों की नौकरी में करोड़ों में वन विभाग के अधिकारी खेलते हैं लेकिन भ्रष्टाचार से अर्जित अकूत संपत्ति के मामले में अफसरों की संपत्ति की जांच नहीं होती विभागीय आंकड़ों का 10 प्रतिशत पेड़ पौधे जिले की धरती पर मौजूद नहीं है वन विभाग का यह पुराना खेल है पुरानी परंपरा नहीं टूट रही है वन विभाग के अधिकारियों ने पूरे जिले में पेड़ कटान के मामले में नर्क मचा रखा है पेड़ की सुरक्षा की जिम्मेदारी वन विभाग को दी गई है लेकिन उसके बाद वन विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में चार दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया अपने साथ मजदूरों की फौज लेकर प्रतिदिन सुबह पेड़ काटने निकल जाते हैं गलत तरीके से हरे और फलदार पेड़ की जिस तरह से कटान हो रहा है इससे स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है कि मतलब सभी का रेट फिक्स है।वन विभाग के दरोगा का कहना है कि तीन दिन पहले ही एप्लीकेशन थाने में दे दिया हूं अभी तक इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ फिर बन विभाग के दरोगा से दोबारा बात हुई तो उन्होंने कहा कि मैं प्रयास कर रहा हूं मुकदमा लिखवाने का क्या इस विभाग में विभाग के ही कर्मचारी प्रयास करेंगे हरे फलदार पेड़ काटने से रोकने की जिम्मेदारी क्या वन विभाग के बड़े अधिकारियों की नहीं है यदि थाना पुलिस मुकदमा नहीं लिख रही तो वन विभाग के बड़े अधिकारी मामले को डीएम कमिश्नर की मीटिंग में क्यों नहीं उठाते हैं इससे यही लगता है कि पूरा वन विभाग लकड़ी माफिया के चरणों पर पड़ा हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### पार्टी संगठन को मजबूत करने के बजाए सरकारी व्यवस्थाओं में अधिक दखल दे रहे हैं नेता

**कौशांबी।** पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए बनाए गए पार्टी के पदाधिकारी पार्टी संगठन पर विशेष ध्यान देने के बजाय वह सरकार और सरकारी व्यवस्थाओं के संचालन में ज्यादा ध्यान देते हैं सरकारी व्यवस्थाओं के संचालन में पार्टी नेताओं के बढ़ते दखल से आम जनता परेशान दिखाई पड़ रही है सरकारी व्यवस्था में पार्टी नेताओं के दखल के चलते जहां खुलकर पार्टी बंदी और पक्षपात दिखाई पड़ रहा है वही प्रत्येक योजनाओं में नेताओं के अधिक दखल के चलते कानून व्यवस्था न्याय व्यवस्था व संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं न्याय सिर्फ उनके लिए दिखाई पड़ रहा है जो पार्टी से जुड़े लोग हैं पार्टी नेताओं के अधिक दखल के चलते आम जनता के लिए कानून संविधान और न्याय बहुत दूर की बात दिखाई पड़ रही है पार्टी नेताओं के सरकारी व्यवस्था में बढ़ते वर्चस्व के चलते चारों ओर भ्रष्टाचार अन्याय अत्याचार मचा हुआ है आम जनता गरीब कमजोर मजलूम दबे कुचले मजदूर किसान त्राहि त्राहि कर रहे हैं सवाल उठता है कि पार्टी संगठन के नेताओं को संविधान की किस धारा में सरकार और सरकारी व्यवस्था चलाने का अधिकार है लेकिन प्रत्येक प्रशासनिक कार्यों में पार्टी के नेताओं की फौज आगे की लाइन में खड़ी दिखाई पड़ती है जो व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है सरकार द्वारा अफसर को दी गई जिम्मेदारी में अफसर तो पीछे रह जाते हैं यह पार्टी नेता अफसर की भीड़ में शामिल होकर आगे खड़े दिखाई पड़ते हैं और जैसे यह लगता है की पूरी सरकारी योजनाओं का संचालन पार्टी नेता कर रहे हैं सरकारी योजनाओं की रैली में भी झंडा दिखाने में यह पार्टी नेता आगे की लाइन में खड़े दिखाई पड़ते हैं पार्टी संगठन का संचालन करने के बजाय सरकारी योजनाओं में इन नेताओं का बढ़ता दखल बेहद चिंता जनक है।

### नींद की गोली खाकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की पुलिस ने बचायी जान

**महेवाघाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्रान्तर्गत 24 नवम्बर को एक युवक द्वारा आत्महत्या करने के लिये काफी मात्रा में नींद की गोली खाने का वीडियो वायरल किया गया, जिसके संबंध में मेटा कम्पनी से अलर्ट प्राप्त होने के उपरान्त पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग), लखनऊ, उ0प्र0 के द्वारा अपलोड की गयी वीडियो, युवक का मोबाइल नंबर व लोकेशन सोशल मीडिया सेल जनपद कौशाम्बी को आवश्यक कार्यवाही समाधान हेतु उपलब्ध करायी गयी जनपद की मीडिया सेल द्वारा तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये थाना प्रभारी पश्चिम शरीरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में प्राप्त सूचना पर थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त युवक के घर पर अविलम्ब पहुंचकर आवश्यक सहायता प्रदान करते हुये युवक की जान बचायी गयी तत्पश्चात युवक की काउंसलिंग करते हुये सुहानुभूतिपूर्वक वार्ता की गयी तो युवक ने बताया कि मैने आवेश में आकर नींद की गोली खा लिया था और वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया था। मैने आवेश में आकर यह गलती किया था दोबारा ऐसी गलती नहीं करूंगा। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा युवक को समझा बुझाकर आवश्यक हिदायत देकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया । परिजनों द्वारा जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा अनहोनी को रोकने एवं युवक की जान बचाने पर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये आभार प्रकट किया गया।

### बच्चों के झगड़े में गर्भवती महिला को दिया धक्का बीच बचाव करने आई बुजुर्ग महिला को पीटा

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 4 मढिया मई में बच्चों के विवाद में बड़े कूद पड़े जिससे एक गर्भवती महिला और एक बुजुर्ग महिला चोटिल हो गई,मढिया मई निवासी सबरीन बानो ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया उसके बच्चे और मोहम्मद मोहिद के बच्चे खेलते हुए झगड़ा कर लिए जिस पर मोहम्मद मोहिद ,शमीमा बानो बैट लेकर उसके घर चढ़ गए और बैट से पीटने लगे महिला ने बताया उसे डिलेवरी होने वाली है लेकिन दोनों पीटने लगे बीच बचाव को आई सास रहीसा बेगम को मारपीट दिया जिससे दोनों को चोट आई है गर्भवती महिला ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है,पुलिस जांच में जुट गई है।

### पेड़ काटने वाले वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित मु0अ0सं0 334/05 धारा 4/10 फारेस्ट एक्ट थाना कड़ाधाम से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त पुरुषोत्तम लाल मौर्य पुत्र दशरथ लाल मौर्य निवासी फरीदगंज थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### परिवारवाद में जारी वारंट पर दंपति गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहें। अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित परिवाद संख्या 351/2017 धारा 323/504/506/427 भादवि0 से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्त शारदा पुत्र स्व0 रामपाल निवासी ग्राम मोहब्बतपुर अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा वा.रनिया देवी पत्नी शारधा निवासी ग्राम मोहब्बतपुर अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

### नाबालिक बालिका को बरामद कर आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र से 18 सितंबर 2025 को एक नाबालिग बालिका को संजू नाम का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था कोखराज 2 पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में 25.11.2025 थाना कोखराज पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़िता को सकुशल बरागद किया अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है एवं मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संजू पुत्र कैलाश निवासी परसरा थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

### दो ओवरलोड डंफर को पुलिस ने किया सीज

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध खनन एवं परिवहन व ओवरलोड गाडियों के विरुद्ध चलाये जा रहें। अभियान को क्रम में आज दिनांक 25.11.2025 को थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा पर अवैध खनन एवं परिवहन व ओवरलोड गाडियों की रात्रि मे चेकिंग किया गया तो वाहन सं. वढ96अळ0093, टेलर गिट्टी लदी हुई वा वाहन सं0 वढ70ढळ8199 डम्फर राखड़ लदी हुई ओवर लोड , नम्बर को छिपाकर खतरनाक तरीके से तेज गति से चलाकर व बिना प्रपत्र की परिवहन करते हुए पायी गयी जिनको मौके पर ही अन्तर्गत धारा 207 ट.श. अू३ मे सीज कर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## सम्पादकीय

# केवल ही मैन नहीं थे धर्मेन्द्र

**लाखों** सितारे हो सकते हैं, लेकिन धर्मेंद्र सिफ एक ही हो सकता है। राजीव विजयकर की किताब 'धर्मेंद्र- नॉट जस्ट ए ही-मैन' के पुस्तक विवरण की यह पंक्ति धर्मेन्द्र के निजी और फिल्मी करियर पर बिलकुल सटीक बैठती है। विजयकर की किताब का शीर्षक 'धर्मेंद्र- नॉट जस्ट ए ही-मैन' भी सर्वथा उचित ही है। 24 नवंबर को 89 बरस की उम्र में धर्मेन्द्र ने आखिरी सांस ली, तो देश भर में दुख की लहर दौड़ गई। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर तमाम क्षेत्रों के दिग्गजों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मीडिया में हिंदी फिल्मों के ही मैन के तौर पर धर्मेन्द्र को याद किया जा रहा है। हालांकि आज जिस तरह का एक्शन और स्टंट कई फिल्म कलाकार करते हैं, वैसा धर्मेन्द्र ने कभी नहीं किया। लेकिन 1966 में आई फूल और पत्थर फिल्म के एक दृश्य में जब गुंडे, शराबी के रोल में धर्मेंद्र एक भिखारी और विधवा पर अपनी शर्ट उतार कर पहना देते हैं, तो लोगों ने उनकी कसरती काया को पसंद किया और एक्शन करने के कारण ही मैन का तमगा उनके साथ ताजिंदगी चस्पां हो गया।

हालांकि कसरती कद-काठी वाले धर्मेन्द्र के चेहरे पर ऐसी सादगी, भोलापन और रूमानियत थी कि लोग उनकी सुंदरता के भी कायल रहे। करीब 60 सालों के फिल्मी करियर में धर्मेन्द्र ने बंदिनी, सत्यकाम, अनुपमा जैसी आदर्शवादी फिल्में कीं तो चुपके-चुपके और शोले में अपने अभिनय की छाप ऐसे छोड़ी कि उनका दोहराव कोई और कलाकार कर ही नहीं पाया। धर्मेन्द्र से पहले राजकपूर, दिलीप कुमार, देवानंद, अशोक कुमार जैसे सितारों की तूती बोलती थी, तो उनके साथ-साथ राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन जैसे सुपरस्टार बने। बाद में शाहरुख खान, सलमान खान के दीवाने फैंस तैयार हुए, लेकिन धर्मेन्द्र का जलवा शुरू से लेकर आखिर तक कायम ही रहा। हालांकि हकीकत, ममता, शोले, चुपके-चुपके, ड्रीमगर्ल, सीता और गीता जैसी फिल्में करने के बाद धर्मेन्द्र ने बी ग्रेड की भी कई फिल्में कीं, जिनमें न अच्छी कहानी थी, न ढंग का अभिनय था और दर्शक धर्मेन्द्र से निराश भी हुए, लेकिन फिर भी दिलों में वे ऐसी पैठ बना चुके थे, जो वक्त के साथ कमजोर नहीं पड़ी।

लुधियाना के नरसाली गांव में एक गणित शिक्षक के घर जन्मे धर्मेन्द्र का मुंबई तक का सफर किसी फिल्मी कहानी जैसा ही है, जिसमें ख्वाब, शोहरत, प्रेम प्रसंग, दिल टूटना, जिंदगी की दिशा बदल जाना जैसे सारे मसाले हैं। मां-बाप के घर पर धर्मेन्द्र की पहचान धरम सिंह देओल के रूप में थी। 10वीं कक्षा में धर्मेन्द्र ने 1948 में आई दिलीप कुमार की फिल्म शहीद देखी। उस फिल्म और दिलीप कुमार ने उनके दिल पर ऐसा जादू किया कि उन्होंने अभिनेता बनने की ठान ली। दस साल बाद 1958 में फिल्मफेयर मैगजीन ने एक टैलेंट हंट की घोषणा की जिसमें बिमल रॉय और गुरुदत्त जैसे दिग्गज शामिल थे। धर्मेन्द्र ने इसमें हिस्सा लिया, और यहीं से मुंबई और उनके अटूट रिश्ते की शुरूआत हो गई। धर्मेन्द्र ने बंदिनी फिल्म में काम शुरू किया, लेकिन अर्जुन हिंगोरानी की फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे' के लिए भी उन्हें इस बीच लिया गया।

# अगर बिहार नहीं जीतते तो क्या दूसरे राज्यों में एसआईआर होता?

शकील अख्तर

**जनता** के मन में चुनाव प्रक्रिया पर सवाल पैदा न हों इसलिए यह बार-बार बताया जा रहा है कि राहुल गलत सवाल उठा रहे हैं। राहुल विरोधियों को तो खुश होना चाहिए कि राहुल गलत सवाल में फंस गए हैं। मगर वे खुश होने के बदले परेशान हैं कि राहुल यह सवाल क्यों नहीं छोड़ रहे। दरअसल सच्चाई यही है कि वे भी जानते हैं कि ऐसा कोई और कारण नहीं है जो बिहार में भाजपा को इतनी बड़ी जीत दिला सकता। एसआईआर ( मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण) से अगर बिहार में सफलता नहीं मिलती तो क्या उसे दूसरे राज्यों में लागू किया जाता? 12 राज्यों में जिनमें से तीन बड़े राज्यों जहां भाजपा कभी सरकार नहीं बना पाई बंगाल, केरल, तमिलनाडु में इसे करवाने का मतलब साफ है कि बिहार में एनडीए की जीत का प्रमुख कारण एसआईआर था। इसकी कामयाबी आप एक दूसरे पैमाने से भी देख सकते हैं। पूरा गोदी मीडिया और बीजेपी समर्थक वर्ग बिहार के चुनाव नतीजों के बाद से ही सबसे ज्यादा जोर इस बात पर दे रहा है कि कांग्रेस ने एसआईआर का मुद्दा गलत उठाया। इस पर इतना जोर नहीं देना चाहिए था। और अब भी कांग्रेस इसे छोड़ने को तैयार नहीं है। दिल्ली के रामलीला मैदान में इसी मुद्दे पर 14 दिसंबर को एक बड़ी रैली कर रही है। मीडिया और दूसरे लोग इसे ऐसे कह रहे हैं जैसे वे कांग्रेस के हितैषी हों। जबकि सच्चाई यह है कि वे सब जानते हैं कि बिहार की जीत में एसआईआर का बड़ा रोल रहा। और जिसे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बड़े परिप्रेक्ष्य में वोट चोरी कह रहे हैं वह बिहार से पहले हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक लोकसभा और कई जगह बीजेपी की जीत का मुख्य हथियार रही। वोट चोरी का मतलब पूरी चुनावी प्रक्रिया को अपने कब्जे में ले लेना। अपने मनमाफिक चुनाव परिणाम निकालना। हरियाणा में साफ दिख रहा था बीजेपी हार रही है। बिहार में मुकाबला कांटे का और महागठबंधन की तरफ झुका दिख रहा था। मगर दोनों जगह अविश्वसनीय नतीजे आए। जनता के मन में चुनाव प्रक्रिया पर सवाल पैदा न हों इसलिए यह बार-बार बताया जा रहा है कि राहुल गलत सवाल उठा रहे हैं। राहुल विरोधियों को तो खुश होना चाहिए कि राहुल गलत सवाल में फंस गए हैं। मगर वे खुश होने के बदले परेशान हैं कि राहुल यह सवाल क्यों नहीं छोड़ रहे। दरअसल सच्चाई यही है कि वे भी जानते हैं कि ऐसा कोई और कारण नहीं है जो बिहार में भाजपा को इतनी बड़ी जीत दिला सकता। एसआईआर के अलावा जो और भी हैं वे सब इतने वाजिब नहीं हैं कि उन्हें बताया जाए। जीत का एक दूसरा बड़ा कारण डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रूपया डालना है। इसे अगर जीत का प्रमुख कारण बताया जाएगा तो यह सवाल जरूर पैदा होगा कि इस तरह तो कोई भी सरकार कभी नहीं हारेगी। उसके पास तो पैसों की कोई कमी होती नहीं है। कोई और सरकार पन्द्रह और बीस हजार भी देगी। मगर समाज के एक वर्ग को और उसकी कीमत पूरे राज्य के लोगों को चुकाना पड़ेगी। बिहार में प्रति व्यक्ति कर्ज 24 हजार से ज्यादा हो गया। और यह बिहार का है। केन्द्र का प्रति व्यक्ति कर्ज लगभग 5 लाख रुपए है। यह बिहार के लोगों पर भी लागू होता है। और रेवड़ियां बांटोगे और कर्ज बढ़ेगा। और उन पर बढ़ेगा जिन्हें इन मुफ्त रेवड़ियों का कोई फायदा नहीं है।

तो यह जीत का कारण मीडिया और भाजपा बता नहीं सकते। जैसे रिश्वत देकर काम करवा के लौटा व्यक्ति यह नहीं बताता कि उसका गलत काम पैसे देकर हुआ है। वह यही बताता है कि काम ही सही था।



इसलिए एसआईआर या सरकारी पैसे बांटने को जीत का कारण अगर कोई बताता है तो गोदी मीडिया और बीजेपी समर्थक नवभक्त उसका विरोध करते हैं या नेता अगर बड़ा है राहुल जैसा तो उसे सलाह देते हैं कि इसे नहीं उठाना चाहिए दूसरा मुद्दा उठाना चाहिए। राहुल ने उठाया तो था। सबसे बड़ा मुद्दा। नौकरी का बेरोजगारी का। और वही चर्चा में था। मगर वह न चले इसलिए तो सरकारी खजाने से दस-दस हजार रुपए बांट दिए गए। राहुल कांग्रेस महागठबंधन नौकरी देकर तनखा देने की बात कर रही थी। मगर एनडीए ने बिना कुछ किए धरे दस हजार रुपए दे दिए। महागठबंधन के मुद्दे को दबाने के लिए ही। लेकिन फिर भी इस पर पूरा विश्वास नहीं था इसलिए वोट काटने और वोट जोड़ने की एसआईआर तकनीक उपयोग में लाई गई। लोकतंत्र बहुत खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। राहुल की आलोचना करना आसान है मगर उनकी तरह लड़ना बहुत मुश्किल। राहुल से कितने सवाल हो रहे हैं। मगर बीजेपी से एक नहीं। वह एक सवाल कि बिहार जीत का कोई एक कारण तो बता दो?

बीस साल से वहां नीतीश के साथ साझी सरकार। 11 साल से केन्द्र में मोदी सरकार। मगर बिहार के लिए क्या किया? कोई रोजगार नौकरी? कोई जवाब नहीं। बस प्रचार माध्यम साथ हैं तो उल्टे राहुल से सवाल। मगर फिर भी राहुल को पथ भ्रमित (विचलित) नहीं कर पाते हैं। राहुल वोट चोरी के अपने मुद्दे पर कायम हैं। इसलिए दिल्ली रामलीला मैदान से एक बड़ी रैली के जरिए वोट चोरी के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की शुरूआत की जा रही है। वोट चोरी अगर नहीं रुकेगी तो पूरी चुनावी प्रक्रिया ही इकतरफा हो जाएगी। और फिर कोई चुनाव नहीं जीत सकता। अब एक और सबसे जरूरी पहलू पर जिस पर कोई बात नहीं हो रही है। लोगों को कागजी काम में उलझाना। कोई भी सरकार अपनी जनता को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करती है। मगर प्रधानमंत्री मोदी इस पर विश्वास करते हैं कि जनता को रात-दिन बेकार के कामों उलझाए रखो ताकि वह अपने जरूरी सवालों को भूली रहे। नोटबंदी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पूरा देश इसमें महीनों उलझा रहा। मिला क्या कुछ नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने जो बड़े-बड़े दावे किए कि भ्रष्टाचार, काला धन, आतंकवाद, नकली नोट खत्म हो जाएंगे वह कुछ नहीं हुआ। इसी तरह तीन कृषि कानून लाए थे। किसान परेशान हो गया। साल से ज्यादा सड़क पर बैठा रहा। आन्दोलन किया। कानून वापस ले लिए। कोरोना में ताली-थाली बजवाकर कोरोना भगाने के दावे कर दिए। नागरिकता संशोधन कानून ले आए। ऐसे कामों की बहुत लंबी लिस्ट है जिसमें जनता को उलझाए रखा। अब एक नया शिगुफा छेड़ा है आधार फिर से बनेगा। जैसे एसआईआर में पहले बिहार के लोग और आज 12 प्रदेशों के लोग परेशान घूम रहे हैं वैसे ही इसके बाद आधार के लिए लोग घूमेंगे। आपको याद है मोबाइल को आधार से जोड़ने की घोषणा की थी। और जब लोगों ने भागदौड़ करके यह काम करवा लिया तो कहा गया कि जरूरी नहीं था। कल को पेन कार्ड आपके बैंक खाते पासपोर्ट किसी को भी या सबको फिर से बनाने की बात कर सकते हैं। उद्देश्य एक ही है। सरकार पर सवाल नहीं उठा पाओ। नौकरी रोजगार भूल जाओ। सरकारी चिकित्सा शिक्षा जो पहले सबको मिलती थी उसकी बात मत करो। गैर जरूरी सरकारी कामों में उलझे रहो। एसआईआर करवाने वाली जनता तो परेशान है ही। फार्म में 2003 की वोटर लिस्ट से मिलान मांगा है। माता-पिता के वोटर कार्ड का नंबर, दादा-दादी तक का। इस पर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने और तो कुछ किया नहीं मगर यह जरूर कह दिया कि यह फार्म हम भी नहीं भर सकते हैं। और प्रधानमंत्री मोदी क्या खुद बिना किसी की मदद के यह फार्म भर सकते हैं? और एक इस पूरी कवायद का सबसे दुखद और अमानवीय पहलू! इस काम को जिन सरकारी कर्मचारियों ( बीएलओ) से करवाया जा रहा है उन पर भारी दबाव। जिसे न सह पाने के कारण उनके मरने और आत्महत्या की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

इससे पहले इतना ज्यादा शारीरिक और मानसिक दोनों श्रम वाला काम सरकारी कर्मचारियों पर आज तक कभी नहीं लादा गया।

# इंडिया ब्लॉक को निष्पक्ष चुनाव के लिए संघर्ष करते हुए आत्मनिरीक्षण करना होगा

नीलोत्पल बसु

**सब** कुछ कहने और करने के बाद, यह भी सत्य है कि इंडिया ब्लॉक के साथ जुड़ी पार्टियों के लिए भी बहुत कुछ सोचने की बात है। हालांकि इसमें कोई शक नहीं है कि कई ऐसे मुद्दे थे जिन्होंने लोगों की जिंदगी और रोजी-रोटी पर असर डाला, लेकिन विपक्ष उन पर जनता के विचार को स्वरूप देने में नाकाम रहा, ताकि सत्तारूढ़ गठबंधन को पीछे धकेला जा सके। बिहार विधानसभा चुनाव हमारे देश के चुनावी इतिहास में एक अहम मोड़ है। 25 जून को घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिवरिविजन) (एसआईआर) की पृष्ठभूमि में हुए इस चुनाव में, वयस्क मताधिकार के लिए नए बुनियादी नियम बनाए गए।



भारत का संविधान बनाने वाली संविधान सभा में हुई बहसों में एक ऐसे लोकतंत्र की कल्पना की गई थी जो 'लोगों द्वारा, लोगों के लिए और लोगों का' हो। चुनावी लोकतंत्र इसकी नींव थी। यह आजादी की लड़ाई की विरासत पर आधारित था जिसने नागरिक की भूमिका को इसकी नींव बनाया। हर भारतीय नागरिक को एक वोट का अधिकार था, चाहे उसकी जाति, धर्म, भाषा, संस्कृति और मूल कुछ भी हो। इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए, भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई)को एक सच में ताकतवर और आजाद संवैधानिक संस्था के तौर पर अधिकार दिया गया था। ईसीआई से उम्मीद थी कि वह दो आसान सिद्धांतों के जरिए नागरिकों को भारतीय लोकतंत्र और उसकी राजनीतिक प्रणाली का भविष्य तय करने में मदद करेगा। पहला, मतदाता सूची ईसीआई की मशीनरी खुद बनाएगी, तथा इसे राजनीतिक पार्टियों या सरकारों की मजी पर नहीं छोड़ा जाएगा। इसलिए, अंतिम मतदाता सूची को प्रकाशित करना ईसीआई की जिम्मेदारी थी और किसी एक नागरिक पर इसका बोझ नहीं डाला गया। दूसरा, हालांकि यह बताया गया था कि भारतीय नागरिक मतदाता सूची में मतदाता के तौर पर दिखेंगे, लेकिन ईसीआई को नागरिकता तय करने के काम से बाहर रखा गया था। अगर कोई विवाद होता, तो उसे होम मिनिस्ट्री से सलाह करके सुलझाया जाता। पहली बार, बिहार में एसआईआर इन दो बुनियादी बातों से भटक गया। एसआईआर में यह माना गया था कि मतदाताओं को एक फॉर्म भरकर मतदाता सूची में अपनी नामदर्ज पक्का करना होगा और अगर कोई विवाद नहीं भी होता, तो भी उन्हें वोट देने की योग्यता के लिए ईसीआई द्वारा बताए गए दस्तावेज दिखाने होंगे। इससे दूसरा सिद्धांत भी जुड़ गया क्योंकि ईसीआई द्वारा बताए गए दस्तावेज अजीब तरह से नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजनशिप (एनसीआर) की जरूरतों से मिलते-जुलते थे, जैसा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) में सोचा गया था।

इससे, नागरिकता पर पूरा विवाद, जो पहले भड़क गया था और मुश्किल सवालों की वजह से रुका हुआ था, पिछले दरवाजे से फिर से शुरू हो रहा था। इसका बिहार में भारी विरोध हुआ और पूरे देश में यह बहस छिड़ गई। मुख्य समस्या यह थी कि नागरिकता के लिए आधिकारिक तौर पर कोई एक दस्तावेज नहीं था। प्रस्तावित एसआईआर अंदर ही अंदर बंटवारे के सदमे को फिर से जगा रहा था। पूछने पर, ईसीआई नागरिकता और मतदाता सूची को फाइनल करने के बीच संबंध से इनकार कर रहा था। लेकिन असल में, बदला हुआ फोकस बिल्कु ल साफ था। इसलिए, इस काम के कुछ समय बाद, यह साफ हो गया कि यह वोटर रोल की गलतियों को ठीक करने का काम नहीं था, बल्कि बड़े पैमाने पर लोगों को बाहर करने और वोटरों को अधिकार से वंचित करने का काम था। ड्राफ्ट मतदाता सूची और उसके फाइनल फॉर्म ने विवाद को और बढ़ा दिया है और वोटरों की संख्या में कमी साफ दिख रही है। एसआईआर प्रक्रिया के संवैधानिक आधार अभी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय नहीं किए गए हैं। यह साफ है कि इस प्रक्रिया से वोटरों के एक बड़े हिस्से को बहुत ज्यादा सदमा लगा। बिहार में, जहां प्रवासी मजदूरों का अनुपात ज्यादा है और समय बहुत कम था, ऐसा होना ही था। मतदाता सूची में महिला वोटरों के नाम हटाने के अनुपात में भी काफी बढ़ोतरी देखी गई, साथ ही सीमावर्ती जिलों में अल्पसंख्यक धर्मों के मतदाताओं के नाम भी बड़ी संख्या में हटाये गये। एसआईआर के साथ-साथ, ईसीआई की भूमिका पर सवाल ने भी बड़ी चिंताएं खड़ी कीं। ईसीआई के काम से यह साफ हो गया कि नाकाबिलियत और पारदर्शिता की कमी के अलावा, सत्तारूढ़ पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए एक साफ भेदभाव था। यह उस तरीके से साफ था जिस तरह ईसीआई ने चुनाव आचार संहिता को मॉनिटर किया। भाजपा-जद(यू)सरकार ने चुनावों की घोषणा से ठीक पहले मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू की, जिसमें एक करोड़ से ज्यादा महिलाओं को 10,000 रुपये दिए गए। यह बड़े पैमाने पर सीधा फायदा पहुंचाना था, जिसमें 14,000 करोड़ रुपये तुरंत दिए गए, जो चुनाव के बहुत करीब था और मतदाताओं की पसंद को इस नए तरह के 'सरकारी ग्राहकवाद' से बचाने में नाकाम रहा। यह पहले से बिल्कुल अलग था जब गरीब मतदाता अलग-अलग पार्टियों के समर्थक थे, और वे पूरी राजनीतिक पसंद से उम्मीदवार तय करते थे। इसके अलावा, 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को तीन गुना करना, और एक करोड़ नौकरियां बनाना भी सत्ताधारी गठबंधन के वायदे थे। बेशक, ऐसे वायदे प्रधानमंत्री मोदी की 'रेवड़ी' पॉलिटिक्स और भविष्य की आर्थिक स्थिति पर इसके असर के बारे में कही गई बातों के उलट थे। पहले से ही, ऐसी घोषणाओं और चुनाव होने के बीच एक सही अंतर रखने के लिए चुनाव आचार संहिता को फिर से बनाने पर सवाल उठ रहे हैं। यह साफ है कि असल में ऐसी कोशिशों ने लोगों की लंबे समय की भलाई से ध्यान हटाया, जबकि उनका मकसद लोगों की सोच को बेहतर बनाना था, खासकर उन लोगों की जो सबसे ज्यादा परेशान थे। चुनाव के नतीजों से एक अजीब बात का पता चला है कि महिला वोटरों की संख्या कम हुई है, लेकिन उन्होंने तुलना में कहीं ज्यादा संख्या में वोट दिये और आखिरी नतीजे पर ज्यादा असर डाला। यह रूझान पहले भी दिख रहा था, लेकिन एसआईआर और ज्यादा संख्या में पुरुष प्रवासी मजदूरों की गैर-मौजूदगी के साथ, यह और बढ़ गया है। विकास के असली मुद्दों से दूरी और भी साफ है, क्योंकि बिहार मजदूरी, आय, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और दूसरे सामाजिक संकेतकों के मामले में ज्यादातर बड़े भारतीय राज्यों से पीछे होने के बावजूद, कॉर्पोरेट मीडिया नतीजों और सत्तारूढ़ गठबंधन की बड़ी जीत को समझाने के लिए यह दावा कर रहा था कि यह नीतीश कुमार की सरकार के विकास के रिकॉर्ड की वजह से था। सच तो यह है कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने जाति-समुदाय के असर को मजबूत किया था, जो एसआईआर से पैदा हुई असुरक्षा की भावना से परेशान थे और जो कमजोर लोगों के बड़े हिस्से में और बढ़ गया था। अमित शाह की खासियत कहे जाने वाले 'वोट मैनेजमेंट' की वजह से छोटी पार्टियां और निर्दलीय उम्मीदवार बुरी तरह हार गए, और उन्हें जो वोट मिल सकते थे, वे पूरी तरह से सत्तारूढ़ गठबंधन की तरफ चले गए हैं। कुछ छोटी पार्टियां, हालांकि सीटों के मामले में कोई खास असर नहीं डाल पाईं, लेकिन उनके वोट प्रतिशत ने विपक्ष पर बुरा असर डाला है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी या सीमांचल में एआईएमआईएम का हाई-प्रोफाइल चुनाव प्रचार इसके उदाहरण हैं। सब कुछ कहने और करने के बाद, यह भी सत्य है कि इंडिया ब्लॉक के साथ जुड़ी पार्टियों के लिए भी बहुत कुछ सोचने की बात है। हालांकि इसमें कोई शक नहीं है कि कई ऐसे मुद्दे थे जिन्होंने लोगों की जिंदगी और रोजी-रोटी पर असर डाला, लेकिन विपक्ष उन पर जनता के विचार को स्वरूप देने में नाकाम रहा, ताकि सत्तारूढ़ गठबंधन को पीछे धकेला जा सके। ऐसे कई कारक हैं जिनकी और गहराई से अध्ययन करने और मिलकर हल करने की जरूरत है। माकपा समेत वाम पार्टियों ने बहुत मेहनत की थी और उन्हें काफी वोट मिले थे। लेकिन इसका असर उनके निर्वाचन क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व की संख्या में नहीं दिखा। भविष्य लोगों के सामने आने वाले मुद्दों पर उनके संघर्षों को फिर से मजबूत करने और सरकारी मिलीभगत और कुल मिलाकर नव-फासीवादी तरीकों से हिंदुत्व-कॉर्पोरेट के हमले के खिलाफ लगातार राजनीतिक अभियान चलाने में है। एक निष्पक्ष चुनाव प्रणाली और एक न्यायपूर्ण लोकतंत्र के लिए लड़ाई ऐसे ही लगातार संघर्ष की मांग करती है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में नरेंद्र मोदी के सुझावों की रोशनी

-ललित गर्ग-



**जी-20** शिखर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र इस बार जिस गंभीर मुद्दे पर केन्द्रित रहा, वह दुनिया के सामने उभरते खतरों की बदलती प्रकृति को स्पष्ट करता है। भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के साथ-साथ ड्रग तस्करी को भी वैश्विक शांति, सुरक्षा और मानव अस्तित्व के लिए उतना ही घातक बताया जितना किसी संगठित हिंसा को माना जाता है। उनकी यह चेतावनी केवल कूटनीतिक वक्तव्य नहीं बल्कि बढ़ती वैश्विक वास्तविकताओं का सटीक विश्लेषण है। यह तथ्य अब निर्विवाद है कि मादक पदार्थों की तस्करी आतंकवाद को ईंधन प्रदान करने वाला सबसे बड़ा स्त्रोत बन चुकी है। अरबों डॉलर का यह अवैध व्यापार केवल अपराध जगत को नहीं बल्कि राष्ट्रों की सुरक्षा, समाज की स्थिरता और युवाओं के भविष्य को भी चूर-चूर कर रहा है।

मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है, वह वैश्विक चिंता और भी बढ़ाता है। फेंटानाइल जैसे अत्यंत खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने अमेरिका में स्वास्थ्य-संकट की भयावह स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रतिदिन अनेक लोग इसके कारण जान गंवा रहे हैं। यह संकट किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि मानव जीवन पर मंडरा रहा एक वैश्विक खतरा है। यह मानना भूल होगी कि ऐसे ड्रग्स केवल एक महाद्वीप तक सीमित रह सकते हैं; संगठित तस्करी के नेटवर्क इसकी पहुंच दुनिया के किसी भी कोने तक ले जा सकते हैं। यही कारण है कि मोदी ने चेताया कि यदि अभी निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह त्रासदी अन्य देशों में भी फैल सकती है।

ड्रग्स माफिया केवल एक आपराधिक व्यापार नहीं, बल्कि मानव समाज की जड़ों को खोखला करने वाला वैश्विक संकट है। नशे का कारोबार सीमाओं, कानूनों और नैतिक मूल्यों-तीनों को धत्ता बताकर फैल रहा है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को निगल रहा है, बल्कि देशों की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक व्यवस्था को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए ड्रग्स माफिया का खतरा अब केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। दुनिया भर में नशे का अवैध व्यापार एक विशाल संगठित नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें माफिया, कार्टेल, हथियार गिरोह, आतंकवादी संगठन और भ्रष्ट तंत्र की गहरी सांठगांठ शामिल है। यह नेटवर्क इतना शक्तिशाली है कि कई देशों में यह समानान्तर सत्ता जैसा व्यवहार करता है। अफगानिस्तान, मैक्सिको, कोलंबिया, म्यांमार, नाइजीरिया, रूस और यूरोप तथा एशिया के अनेक हिस्सों में ड्रग्स कार्टेलों ने शासन प्रणालियों को चुनौती दी है। अनेक जगह तो स्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि सरकारें या तो इस लड़ाई में कमजोर पड़ जाती हैं।

# सेंट मैरी स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा किया गया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही ।** जनपद भदोही के सेंट मैरी स्कूल नई बाजार में आयोजित वार्षिक खेल दिवस-2025 कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ मुख्य अतिथि , अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा किया गया।



विद्यालय के प्राचार्य द्वारा , अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक को बुके व बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट,ड्रिल प्रदर्शन, योगा सत्र, ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स (जैसे 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रिले रेस), लेजियम, डम्बल्स तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहजनक प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि , अभिमन्यु मांगलिक ने अपने संबोधन में छात्रों को खेलकूद के माध्यम से अनुशासन, टीमवर्क एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि स्पोर्ट जीवन में कितना जरूरी है ।

# मौनी बाबा आश्रम में मेला स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, अधिकारियों के साथ किया बैठक

अखंड भारत संदेश

**बबेरू/बांदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत सिमौनी गांव के मौनी बाबा धाम आश्रम में मंगलवार की दोपहर बांदा जिलाधिकारी जे रिभा व बांदा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के द्वारा आगामी 15,16,17 दिसंबर तक आयोजित होने वाले मोनी बाबा धाम मेले के आयोजन को लेकर घूम-घूम कर स्थलीय निरीक्षण किया, और संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक किया। जिसमें अधिकारियों को समय से सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। तथा मौनी धाम आश्रम से पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं पुलिया की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूरा कराए जाने के निर्देश दिए हैं। वहीं जिलाधिकारी ने जमुवा, तिंदवारी सड़क का निर्माण कार्य तत्काल ठीक कराए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने मेला स्थल में शौचालय टूरिस्ट परिसर की व्यवस्था तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। वहीं पेयजल हेतु पानी की टैंकरों की भी व्यवस्था किए जाने तथा झाड़ी की कटाई एवं मेला क्षेत्र परिसर की साफ सफाई करने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है।



उन्होंने विद्युत के नए खंभों को लगाए जाने तथा स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइटों को ठीक कराया जाना है। तथा मेला अवधि में नियमित विद्युत आपूर्ति किए जाने तथा मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था किए जाने के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने पाइपलाइन ठीक कराए जाने के लिए जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। तथा मे अलाव की व्यवस्था कराये जाने तथा तिंदवारी एवं बबेरू मार्ग में रोडवेज की बस के संचालन किया जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने शेल्टर होम, रेन बसेरा बनाए जाने तथा अलाव की व्यवस्था कराई जाने एवं सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने एवं मेला परिषद में विशेष रोगों से बचाव हेतु फागिंग की व्यवस्था किए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है। कि मोनी बाबा मेले के दौरान चिकित्सकों सहित मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाए, जिसमें चिकित्सक उपस्थित रहे तथा साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था करें पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि मेला बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुमार धर्मेंद्र सहित परियोजना परिषद डीआरडीए जिला विकास अधिकारी मोक्ष चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस व्यवस्था पैक होमगार्ड एनसीसी तथा डायल 112 पीआरबी भी संचालित रहेंगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी, उन्होंने मेला में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था किए जाने तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए हैं।

## सभी विद्यालयों में विकसित की जाएंगी पोषण वाटिका : डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने निर्देशित किया है कि पीएन पोषण योजनांतर्गत संचालित सभी विद्यालयों में स्कूल पोषण वाटिका विकसित की जाएं, ताकि मध्यान्ह भोजन में बच्चों को ताजी एवं पोषक सब्जियाँ उपलब्ध कराई जा सकें।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिन विद्यालयों में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, वहाँ खुले मैदान में पौधरोपण किया जाएगा। वहीं अपर्याप्त स्थान वाले परिषदीय एवं राजकीय विद्यालयों में पौली बैग, ग्रो बैग, मटके, बोरे, जूट के थैले, क्यारी और गमलों के माध्यम से छोटे आकार के किचन गार्डन स्थापित किए जाएंगे। जिन विद्यालयों में खुला स्थान बिल्कुल नहीं है, वहाँ विद्यालय की दीवार के सहारे लौकी, तोरई जैसी बेलदार मौसमी सब्जियाँ तथा बरामदों में गमलों के माध्यम से टमाटर, हरी मिर्च, धनिया, भिंडी, बैंगन आदि के पौधे उगाए जाएंगे। इन सब्जियों के उत्पादन का उपयोग मध्यान्ह भोजन में किया जाएगा, जिससे बच्चों को अतिरिक्त पोषक तत्व उपलब्ध होंगे और विद्यालयों पर किसी अतिरिक्त लागत का बोझ भी नहीं पड़ेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि गत वर्षों में 410 परिषदीय एवं राजकीय विद्यालयों को 5,000 रु प्रति विद्यालय की दर से धनराशि दी गई थी। वर्तमान में 859 विद्यालयों को 2,000 रु प्रति विद्यालय की दर से धनराशि प्रेषित की जा रही है ताकि पोषण वाटिका विकसित की जा सकें। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के निदेर्शों के अनुसार अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों, बेसिक, माध्यमिक एवं समाज कल्याण में भी विभागीय योजनाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समुदाय के सहयोग से किचन गार्डन स्थापित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षक स्टाफ को निर्देशित किया है कि किचन गार्डन को नैतिक जिम्मेदारी के साथ स्थापित कर उसका समुचित रखरखाव, दस्तावेजीकरण तथा पूर्व और बाद की फोटोग्राफ्स का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें। प्रगति की नियमित निगरानी ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स के निरीक्षण अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

## शिव शक्ति मंदिर में दूसरा वार्षिक आयोजन, निकाली गई बारात

चित्रकूट। चित्रकूट के पहाड़ी स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में मंगलवार को श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। यह इस महोत्सव का दूसरा वार्षिक आयोजन था, जो धूमधाम से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थीं। श्रृंगारी द्वारा श्रीराम-जानकी, लक्ष्मण, महादेव और हनुमान जी की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। इसके बाद पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल, खंड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय पांडेय और महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार याज्ञिक ने आरती की। आरती के पश्चात मंदिर से श्रीराम जी की बारात निकाली गई। यह बारात कर्वी रोड, बिसंडा रोड, बरेठी रोड और राजापुर रोड से होते हुए नांदी रोड के रास्ते पूरे गांव का भ्रमण किया। गांव में जगह-जगह बारात का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। बारात में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, फूलचंद राजपूत, विनोद कुमार पांडेय, सुनील सिंह और वंदना गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी प्रवीण सिंह और उपनिरीक्षक राजेश यादव अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। बारात ने पालेश्वर नाथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए ग्राम देवी के मंदिर पहुंची। बारात में सम्मिलित महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग डीजे की धुन पर जमकर थिरके। धार्मिक कार्यक्रम होने के कारण बारात में भारी जनसमूह उमड़ पड़ा। गांव का भ्रमण करने के बाद बारात वापस शिव शक्ति मंदिर पहाड़ी पहुंची। रात्रि में आए हुए रामलीला कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा धनुष तोड़ते ही 'जय श्रीराम' के नारों से पहाड़ी गांव गूंज उठा। धनुष यज्ञ के बाद मंगल गीतों के बीच भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह संपन्न हुआ।

## श्रद्धालुओं ने निकाली शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी, चित्रकूट।** ग्राम पंचायत अशोह में हो रहे अखंड सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई।

पंडित आदर्श मिश्रा हर्ष भारद्वाज मोहित की अगुवाई में निकली यह कलश यात्रा अशोह से पहाड़ी होते हुए ओवरी के रास्ते पुनः अशोह गांव कार्यक्रम स्थल पहुंची। पहाड़ी आगमन पर यात्रा में श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत बजरंग दल के जिला संयोजक प्रणव भारद्वाज, गौ रक्षा प्रमुख विमल, समाज सेवी राजेंद्र तिवारी, साहिल सहित दर्जनों श्रीराम भक्तों ने किया। इस दौरान सनातन बन्धुओं के द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत और जलपान की व्यवस्था कराई गई। यहां आचार्य व्यास महाराज का माल्यार्पण, आरती करके यात्रा को सकुशल रवाना किया गया।

### अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के निर्देश में जिले में अवैध शराब के बनाने व बिक्री की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत राजापुर प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक नरेन्द्र यादव,आरक्षी शुभम मिश्रा व उनकी टीम ने राजापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरगदी पुरवा निवासी 50 वर्षीय अभियुक्त लवलेश निषाद पुत्र रामनाथ निषाद को 20 देशी पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।साथ ही अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार कुल 60 क्वार्टर देशी शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट ब्यूरो।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊ, थाना राजापुर एवं थाना पहाड़ी पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपियों को कुल 60 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी खण्डेहा उपनिरीक्षक राहुल पाण्डेय व उनके हमराही आरक्षी मनीष यादव द्वारा आरोपी लाला उर्फ अवधेश निवासी ग्राम नीवी थाना मऊ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक रमेशचन्द्र तिवारी व उनके आरक्षी राघवेन्द्र पटेल द्वारा आरोपी अनिल सोनकर निवासी मुहल्ला कारखाना कस्बा व थाना राजापुर को 20 क्वार्टर शराब के साथ तथा थाना राजापुर के उपनिरीक्षक सुरेश प्रताप सिंह व उनकी टीम आरक्षी कमलेश कुमार, दीपक कुमार एवं महिला आरक्षी प्रियंका सिंह द्वारा आरोपी रमेशचन्द्र निवासी भुईहरीमाफी कोतवाली कर्वी को 20 क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## राक्षसों के संघारक बने कन्हैया

अखंड भारत संदेश



**पैलानी/बांदा।** खप्टिहाकला में कुनुवां सोनकर के यहां आयोजित भागवत कथा के पांचवा दिवस की कथा का रसपान कराते हुए पं मनोज तिवारी ने बताया कि नंद बाबा के यहां आकर के सभी लोगों ने खूब उत्सव मनाया उसी समय कंस द्वारा पूतना नाम की राक्षसी को भगवान कन्हैया को करने के लिए भेजा गया पूतना विष लगा करके भगवान को करने गई पर भगवान ने उसका भी उद्धार कर दिया भगवान ने उसे पूतना को वह गति प्रदान की जो एक मां को प्राप्त होती है इसके बाद एक तृणावर्त नामक देता था यह भी कंस का भेजा हुआ देते हैं यह भगवान को उड़ा करके आकाश में ले जाता है भगवान अपना वजन बढ़ा लेते हैं इसकी गति रुक जाती है और यह पृथ्वी पर गिर जाता है जिससे इसके भी प्राणों का अंत हो जाता है इसके बाद भगवान के नामकरण संस्कार का समय आता है इस समय आचार्य गगार्चार्य जी को बुलाकर के भगवान के नाम करण संस्कार कराए जाते हैं बलराम जी एवं कृष्ण जी भगवान शंकर ने जैसे सुना भगवान का जन्म हो गया है इस समय भगवान शंकर भगवान के दर्शन करने के लिए गोकुल पधारते हैं थोड़ा बड़े होने के बाद भगवान गोपिकाओं के यहां माखन चोरी करना प्रारंभ कर देते हैं गोपीकाएं शिकायत लेकर के यशोदा मैया के पास आती हैं शिकायत तो एक बहाना होता है मूल में तो भगवान के दर्शन है 1 दिन मैया यशोदा ने भगवान को प्रेम की रस्सी में बांध दिया उसी समय दो यमला अर्जुन नामक वृक्षों पर भगवान ने कृपा की जो दुवार्सा ऋषि के श्राप के कारण यह वृक्ष हो गए थे आज दोनों वर्षों की मुक्ति भगवान के स्पर्श करने से हो गई इसके बाद अघासुर नमक दैत्य आता है भगवान अपने हाथों से उसका भी उद्धार कर देते हैं एक दिन भगवान यमुना के तट पर जाते हैं देखते हैं यमुना का जल बड़ा विषैला हो गया है क्योंकि इसमें कालिया नाग रहता है भगवान ने निर्णय लिया कि कालिया नाग को यहां से हटना चाहिए उसी समय गेंद खेलते हुए भगवान काली दह में कूद जाते हैं जाकर के उसे कालिया नाग पर कृपा करते हैं उसको वहां से हटाते हैं इस समय कालिया नाग रमणीक दीप की यात्रा करता है इसके बाद भगवान ने एक दिन देखा इंद्र की पूजा की तैयारी हो रही है इस समय भगवान ने सभी गोपन से कहकर के गिरिराज जी का पूजन कराया स्वयं विशाल रूप धारण करके गिरिराज जी पर विराजमान हो गए।इस दौरान रमेश सोनकर, मनोज दीक्षित, शत्रुघ्न मिश्रा, पप्पू सिंह,बाबू सोनकर समेत सैकड़ों कथा प्रेमी मौजूद रहे।

## 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : जिला जज

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** आगामी 13 दिसम्बर को जनपद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद नयायाधीश शेषमणि शुक्ला अध्यक्षता में जनपद में कार्यरत विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों की तृतीय चरण की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों से कहा कि आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि वे अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है।

इस मौके पर विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राममणि पाठक, अपर जिला जज व सहायक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत नीरज श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्ध अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बरदहा बांध के पुनर्स्थापना कार्य का मानिकपुर विधायक ने किया शिलान्यास

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील क्षेत्र के सिंचाई प्रखंड प्रथम कर्वी के कार्य क्षेत्र अंतर्गत बरदहा बांध के पुनर्स्थापना, ओहन पूर्वी शाखा एवं ओहन पश्चिमी शाखा के पुनर्स्थापना कार्यों का मंगलवार को मानिकपुर विधायक अवीनाशचंद द्विवेदी द्वारा शिलान्यास किया गया। इस दौरान विधायक ने निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया एवं गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए।

सिंचाई प्रखंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता एसके प्रसाद ने बताया कि बरदहा बांध के पुनर्स्थापना परियोजना के अंतर्गत बांध का सेक्शन सुधार, क्षतिग्रस्त पीचिंग की मरम्मत, क्षतिग्रस्त पैरापीट व डौला के पुनरोद्धार, बांध के टॉप से जल निकास के लिए टॉप ड्रेन, सूट ड्रेन का निर्माण किया गया है। इसके साथ-साथ बांध के डाउनस्ट्रीम की मरम्मत का कार्य कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि ओहन पूर्वी शाखा एवं मोहन पश्चिमी शाखा के 0.00 किमी से 26.080 किमी तक नहर में निर्मित




पक्की संरचनाएं यथा हेड रेगुलेटर, एक्वाडक्ट, वीआरवी, फॉल एवं फॉल के साथ-साथ गुल आदि की मरम्मत का कार्य प्रस्तावित है। इसके साथ-साथ नहरी भूमि के सीमांकन कार्यों का प्राविधान किया गया है। इस मौके पर सहायक अभियंता आनंद पांडेय, शैलेश कुमार, अवर अभियंता अभिषेक मिश्रा, मनोज कुमार, नरेंद्र सिंह, सुनील, ठेकेदार प्रभाकर सिंह, विनोद द्विवेदी, ग्राम प्रधान किहुनियां आदि मौजूद रहे।

## चित्रकूट में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान शुरूःमहिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर जोर

**चित्रकूट।** चित्रकूट पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थानों की एंटी-रोमियो टीमों ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही हेल्पलाइन नंबरों और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जन-जागरूकता और शिकायत निस्तारण के लिए स्कूल, कॉलेज और वर्किंग वूमेन हॉस्टल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त,



निम्न आय वर्ग की बस्तियों, गांवों, वार्डों और मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम चलाए गए। प्रमुख बाजारों, कस्बों और चौराहों पर भी जागरूकता अभियान चलाकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया।

महिला बीट पुलिस की भूमिका भी इस अभियान में महत्वपूर्ण है। प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता फैलाई गई। उन्हें साइबर अपराध से बचाव और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। महिला संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

बालिकाओं और महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्हें 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रह सकें। सुरक्षा संबंधी सेवाओं के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई। इनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस 102, सामान्य एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, अग्निशमन सेवा 101 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

# भारतीय सामानों पर लगेगा जीरो टैरिफ, अफगानिस्तानी मंत्री ने कही बड़ी बात

**अफगानिस्तान**

**अफगानिस्तान** के वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन ने कहा कि नई दिल्ली और काबुल द्विपक्षीय व्यापार को पुनर्जीवित करने और विस्तारित करने के काफी करीब पहुँच गए हैं। दोनों पक्षों ने वीजा और कनेक्टिविटी संबंधी उन मुद्दों को सुलझा लिया है जो व्यापारिक संबंधों में बाधा बन रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों देश अब गर्व की भावना के साथ काम कर रहे हैं और उनका लक्ष्य व्यापार को मौजूदा 1 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से आगे ले जाना है। नूरुद्दीन ने कहा कि वीजा और सीधी उड़ानों से जुड़ी समस्याओं का समाधान कर लिया गया है, जिससे व्यापारियों और यात्रियों की सुगम आवाजाही का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि चाबहार लिंक, जमीनी मार्गों और हवाई गलियारे पर भी बातचीत आगे बढ़ रही है।




मंत्री ने कहा कि दोनों देश व्यापार पर संयुक्त कार्य समूह को सक्रिय करने पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत प्रत्येक पक्ष एक-दूसरे की राजधानी में एक वाणिज्यिक अटैची तैनात करेगा। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह एक महीने के भीतर लागू हो जाएगा। व्यापारिक जुड़ाव बढ़ाने के लिए, भारत और अफगानिस्तान एक संयुक्त वाणिज्य मंडल स्थापित करेंगे और व्यापार विस्तार को बढ़ावा देने के लिए टैरिफ में पारस्परिक रूप से कमी की जाएगी। उद्योगों को दोनों पक्षों के बाजारों तक सीधी पहुँच प्रदान करने के लिए हर साल व्यापार मेलों का आयोजन किया जाएगा। अफगान निर्यातकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अफगान खाद्य वस्तुओं पर एफएसएसएआई शुल्क शून्य हो जाएगा, जिससे भारत में कृषि और प्रसंस्कृत वस्तुओं का प्रवेश आसान हो जाएगा।

भारत इलाज कराने आए अफगान नागरिकों के लिए और वीजा जारी करेगा। नूरुद्दीन ने बताया कि अफगानिस्तान ने एक प्रमुख भारतीय अस्पताल श्रृंखला को देश में शाखा खोलने के लिए आमंत्रित किया है, और भारत इस सहयोग के तहत तकनीशियन और विशेषज्ञ भेजने वाला है। वित्तीय मामलों पर, उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में कुछ छोटी-मोटी समस्याएँ हैं, लेकिन दोनों देशों के बैंक संपर्क में रहेंगे और सहयोग को आगे बढ़ाएँगे।

# UAE जा रहा था इंडिगो प्लेन, तभी 10,000 साल बाद ज्वालामुखी फटा, जानें फिर क्या हुआ?

**इथियोपिया**

**एक** बड़ा विमानन अलर्ट जारी किया गया जब कन्नूर से अबू धाबी जा रही इंडिगो की उड़ान 6ए 1433 को इथियोपिया में लगभग 10,000 वर्षों के बाद हुए भीषण ज्वालामुखी विस्फोट के कारण अहमदाबाद डायवर्ट कर दिया गया। वैज्ञानिकों ने इस घटना को इस क्षेत्र के इतिहास में दर्ज सबसे असाधारण घटनाओं में से एक बताया है। एयरबस विमान अहमदाबाद में सुरक्षित उतर गया और इंडिगो ने कहा कि वह यात्रियों के लिए कन्नूर के लिए वापसी सेवा संचालित करेगा।

एयरलाइंस अलर्ट पर

यह व्यवधान ऐसे समय में आया है जब इथियोपिया के हेली गुब्बी ज्वालामुखी से निकलने वाली राख के गुबार, जो लगभग 10,000 वर्षों में पहली बार रविवार को फटा था, उत्तरी भारत की ओर बढ़ने का अनुमान है, जिससे इस क्षेत्र से गुजरने वाले उड़ान मार्गों के लिए चिंताएँ बढ़ गई हैं। भारतीय विमानन प्राधिकरण और एयरलाइंस सोमवार शाम से दिल्ली और जयपुर के ऊपर उड़ान संचालन पर संभावित प्रभाव की निगरानी कर रहे हैं, तथा कुछ उड़ानें पहले से ही धुएं से बचने के लिए अपने मार्ग समायोजित कर रही हैं। इथियोपिया के एर्टा एले पर्वतमाला में स्थित हेली गुब्बी ज्वालामुखी ने रविवार सुबह वायुमंडल में राख और सल्फर डाइऑक्साइड के विशाल स्तंभ छोड़े। टूलूज ज्वालामुखी राख सलाहकार केंद्र द्वारा उपग्रह से किए गए आकलन के अनुसार, यह धुआँ 10 से 15 किलोमीटर की ऊँचाई तक उठा और लाल सागर के पार पूर्व की ओर बह गया। राख के बादल ने ओमान और यमन के क्षेत्रों को पहले ही प्रभावित कर दिया है, जिसके कारण पर्यावरण और विमानन संबंधी सलाह जारी की गई है।




# पाकिस्तान के पेशावर में आत्मघाती हमले में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के पेशावर में सोमवार को एक अर्द्धसैनिक बल के मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में कम से कम तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। शहर के पुलिस प्रमुख मियां सईद ने बताया कि संघीय कांस्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे तीन आत्मघाती हमलावर भी जवाबी गोलीबारी में मारे गए।

सईद ने कहा, एक हमलावर ने मुख्य द्वार पर खुद को उड़ा लिया, जबकि अन्य दो परिसर में घुस गए। एफसी कर्मियों ने उनका सामना किया और दोनों मौके पर ही मारे गए। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने कहा, एफसी मुख्यालय के अंदर दो आत्मघाती विस्फोट हुए, एक मुख्य द्वार पर और दूसरा परिसर में स्थित मोटरसाइकिल स्टैंड के पास। मुख्य द्वार पर हुए शक्तिशाली विस्फोट से आसपास के आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों में दहशत फैल गई तथा विस्फोट की आवाज काफी दूर तक सुनी गई।

# भारत और ओमान संयुक्त सैन्य सहयोग, CDS चौहान और ओमानी रक्षा सचिव ने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**अमेरिका**

**चीफ** ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने ओमान सल्तनत के रक्षा मंत्रालय के महासचिव मोहम्मद बिन नासिर बिन अली अल-जाबी के साथ चल रहे रक्षा सहयोग की समीक्षा और साझेदारी के नए क्षेत्रों की खोज के लिए एक व्यापक बैठक की। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के अनुसार, चचाओं ने प्रस्तावित सैन्य लॉजिस्टिक कॉम्प्लेक्स पर काम को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सैन्य संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

दोनों पक्षों ने जहाज निर्माण, रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) में सहयोग बढ़ाने और सशस्त्र बलों के बीच मौजूदा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत करने पर भी चर्चा की।

बैठक में रक्षा निर्यात की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई, एक ऐसा क्षेत्र जहाँ भारत और ओमान दीर्घकालिक सहयोग स्थापित करना चाहते हैं।

दोनों पक्षों ने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने, सीमा प्रबंधन ढाँचे में सुधार लाने और भारतीय नौसेना के प्लेटफार्मों के लिए सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने ओमान के साथ भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के बढ़ते परिचालन सहयोग को समर्थन देने के लिए उड़ान मंजूरी को सरल बनाने पर भी चर्चा की।



भारत और ओमान के बीच नियमित संयुक्त अभ्यास, उच्च-स्तरीय दौरे और तीनों सेनाओं के बीच परिचालन समन्वय के साथ मजबूत रक्षा संबंध हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस नवीनतम बैठक से कई चल रही परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। पिछले महीने, भारतीय सेना ने 22 से 23 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित तीसरी सेना-से-सेना स्टाफ वार्ता (AAST) के दौरान ओमान की शाही सेना के साथ अपने रक्षा सहयोग को मजबूत किया। एक्स पर एक पोस्ट में सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजी पीआई) ने कहा कि भारतीय सेना ने ओमान की शाही सेना के साथ रक्षा सहयोग मजबूत किया।

भारतीय सेना और ओमान की शाही सेना के बीच तीसरी सेना-से-सेना स्टाफ वार्ता एएएसटी 22-23 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित की गई।

# व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा बहुत सार्थक होगी: रूस

**रूस**

**वीजीटीआरके** रूसी सरकारी टीवी के क्रेमलिन संवाददाता पावेल जारुबिन को दिए एक साक्षात्कार में उशाकोव ने कहा, हम और भारतीय पक्ष इस यात्रा की सक्रियता से तैयारी कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि यह हर लिहाज से सार्थक होगी। यह एक बेहद भव्य (यात्रा) होगी क्योंकि इसे राजकीय यात्रा भी कहा जा रहा है।

उशाकोव ने कहा, यह यात्रा भारत के प्रधानमंत्री और रूसी राष्ट्रपति के बीच हुए समझौते को अमल में लाने का मौका प्रदान करती है कि वे द्विपक्षीय मामलों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा के लिए प्रतिवर्ष मिलेंगे।




उन्होंने कहा कि यात्रा का समय करीब आने पर नयी दिल्ली और मॉस्को में तारीखों की घोषणा एक साथ की जाएगी।

# यूक्रेन से युद्ध में रूस के साथ हुआ अमेरिका! खारकीव में भारी तबाही

**यूक्रेन**

**रूस** यूक्रेन युद्ध देखिए किस तरह से और खतरनाक हो गया है। यूक्रेन के खारकीव शहर पर रूस ने भारी ड्रोन हमला किया जिसमें चार लोगों की मौत और दर्जन भर से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। इमारतों में आग और राहत बचाव की टीमों को शव निकालते हुए भी देखा गया। रूस यूक्रेन युद्ध जो सालों से जारी है। कभी यूक्रेन के जरिए तो कभी रूस के जरिए वो खौफनाक हमले अब भी हो रहे हैं जो मौके से बेहद खतरनाक मंजर की तस्वीर के जरिए सामने आ रहे हैं। जिसमें जिंदगियां अब भी ढह रही हैं। मौत के गाल में समा रही हैं।



खारकीव जो पहले से ही बहुत नुकसान झेल चुका है और एक बार फिर से रूस के निशाने पर आया। ड्रोन अटैक यहां पर किया गया। रूस को गुस्सा था क्योंकि मॉस्को में पावर प्लांट पर हमला यूक्रेनी सेना के जरिए किया गया। 23 नवंबर की रात खार्किव शहर पर रूसी ड्रोन हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हो गए। खार्किव में यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमलों के परिणामस्वरूप तीन आवासीय इमारतों और एक बुनियादी ढाँचे में आग लग गई। मेयर इहोर तेरेखोव ने हताहतों की संख्या बढ़ने पर टेलीग्राम पर अपडेट जारी किए। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, घायलों में 11 और 12 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं।

# राफेल पर झूठ बोलता पकड़ा गया पाक मीडिया, अब फ्रांस की नौसेना ने खोली पोल

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की झूठी खबरों की पोल एक बार फिर से दुनिया के सामने खुल गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान राफेल को लेकर लगातार झूठे दावे कर रहा है। इस बीच फ्रेंच नेवी ने पाकिस्तानी मीडिया के इस झूठ की पोल खोल दी है। फ्रेंच नेवी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में गलत जानकारी फैलाने के लिए पाकिस्तान के एक मीडिया आउटलेट की आलोचना की है।पाकिस्तान स्थित प्रसारक जियो टीवी की 21 नवंबर की रिपोर्ट में एक "जैक्स लाउने" के हवाले से कथित तौर पर 6-7 मई को 140 से ज्यादा लड़ाकू विमानों के बीच हुई हवाई मुठभेड़ के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना की तारीफ की गई थी और दावा किया गया था कि भारतीय राफेल विमानों को चीन के समर्थन से मार गिराया गया था। फ्रांसीसी नौसेना ने कहा कि अधिकारी का असली नाम कैप्टन इवान लाउने है - और उनके नाम से की गई कोई भी टिप्पणी सच्ची नहीं थी।



उनकी वास्तविक भूमिका स्पष्ट करते हुए, नौसेना ने कहा: "पहला नाम इवान है, जैक्विस नहीं। लेख में जो स्थापित किया गया है, उसके विपरीत, उनकी ज़िम्मेदारियाँ उस जैविक नौसैनिक हवाई अड्डे की कमान संभालने तक सीमित हैं जहाँ फ्रांसीसी राफेल मरीन विमान तैनात हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद किए जा रहे हैं झूठे दावे

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी मीडिया को दुनिया के सामने बेनकाब किया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान में स्थित रूसी दूतावास ने पाक मीडिया की जमकर आलोचना की थी।

गलत जानकारी दी गईः फ्रेंच नेवी

मरीन नैशनल ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'फेक न्यूज, ये बातें कैप्टन इवान लौने के नाम से कही गई, जिन्होंने कभी किसी भी तरह के पब्लिकेशन के लिए अपनी मंजूरी नहीं दी थी। आर्टिकल बहुत ज्यादा फेक है और इसमें गलत जानकारी है।' जियो टीवी ने एयर सुपीरियॉरिटी के झूठे दावे किए थे।

# यूक्रेन बिल्कुल एहसानमंद नहीं... जिनेवा में भड़के ट्रंप, जेलेंस्की के तेवर पड़े ढीले




**यूक्रेन**

**रूस**-यूक्रेन युद्ध पर नई बातचीत के लिए अमेरिका, यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों के प्रतिनिधिमंडल की जिनेवा में बैठक हुई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के ऑफिस के के हेड एंड्री यरमक के मुताबिक पहली मीटिंग यूक्रेनी और यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई। उन्होंने इस मीटिंग को बहुत रचनात्मक बताया। दूसरी मीटिंग अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मीटिंग में मौजूद थे। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने मीटिंग पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बातचीत अच्छी चल रही है।

हालांकि, इस बातचीत के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, 'यूक्रेन की लीडरशिप ने हमारी कोशिशों के लिए बिल्कुल भी शुक्रिया नहीं कहा है और यूरोप अब भी रूस से तेल खरीद रहा है। ट्रंप ने लिखा, 'मुझे वह युद्ध विरासत में मिला है, जो कभी होना ही नहीं चाहिए था। यह युद्ध हर किसी के लिए नुकसानदेह है। खासकर उन लाखों लोगों के लिए जिनकी जान बेवजह गई।

यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगी देशों के बीच जिनिवा में बात हुई, जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल थे। करीब चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा तैयार किए गए 28 सूत्री प्रस्ताव से यूक्रेन और दूसरे देशों में चिंता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जैलेंस्की ने कहा है कि उनके देश को अपने संप्रभु अधिकारों के लिए खड़े होने और आवश्यक अमेरिकी समर्थन को बनाए रखने के बीच एक कठिन विकल्प का सामना करना पड़ सकता है।

# अरुणाचल चीन का हिस्सा, पासपोर्ट अवैध... भारतीय महिला को शंघाई एयरपोर्ट पर 18 घंटे किया टार्चर

**चीन**

**अरुणाचल** प्रदेश की एक भारतीय महिला ने शंघाई हवाई अड्डे पर चीनी आव्रजन अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने पारगमन के दौरान उनके भारतीय पासपोर्ट को पहचानने से इनकार कर दिया और उन्हें घंटों तक हिरासत में रखा और परेशान किया। यूनाइटेड किंगडम में रहने वाली प्रेमा वांगजोम थोंगडोक 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं और शंघाई पुडोंग हवाई अड्डे पर तीन घंटे रुकीं। उन्होंने आरोप लगाया कि आव्रजन काउंटर पर अधिकारियों ने उनके पासपोर्ट को 'अमान्य' घोषित कर दिया क्योंकि उसमें अरुणाचल प्रदेश उनका जन्म स्थान बताया गया था। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों ने उनसे कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है।

इमिग्रेशन के बाद, मैंने अपना पासपोर्ट जमा किया और सुरक्षा जाँच के लिए इंतजार कर रही थी। तभी एक अधिकारी आया और मेरा नाम लेकर 'भारत, भारत' चिल्लाने लगा और मुझे अलग से बुलाया। जब मैंने पूछा, तो वह मुझे इमिग्रेशन डेस्क पर ले गया और कहा, अरुणाचल, पासपोर्ट मान्य नहीं है। जब उसने पूछा कि उसका भारतीय पासपोर्ट अमान्य क्यों है, तो अधिकारी ने बस इतना ही जवाब दिया, अरुणाचल चीन का हिस्सा है। आपका पासपोर्ट अमान्य है। प्रेमा ने कहा कि अधिकारी के जवाब ने उन्हें उलझन में डाल दिया। उन्हें याद आया कि पिछले साल उन्होंने शंघाई से बिना किसी परेशानी के यात्रा की थी और लंदन स्थित चीनी दूतावास से भी पुष्टि की थी कि शहर से गुजरने वाले भारतीयों को कोई परेशानी नहीं होगी।



उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई आव्रजन अधिकारियों और चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के कर्मचारियों ने उनका मजाक उड़ाया, उन पर हँसे, और यहाँ तक कि उन्हें "चीनी पासपोर्ट के लिए आवेदन करने" का सुझाव भी दिया। यह यात्रा, जो एक छोटी सी यात्रा होनी थी, हवाई अड्डे के अंदर 18 घंटे की यातना में बदल गई, जिसके दौरान उन्हें स्पष्ट जानकारी, उचित भोजन या हवाई अड्डे की सुविधाओं तक पहुँच से वंचित रखा गया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा